


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 217

ग्वालियर, रविवार, 26 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## सभी वर्गों के आवासहीन गरीबों को मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना से मिलेंगे जमीन के पट्टे

# मुख्यमंत्री चौहान ने रैगांव को दी कॉलेज, स्टेडियम और तहसील भवन की सौगात

### 27 सितम्बर को टीकाकरण महाअभियान में कोरोना के टीके लगवाने की अपील

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सतना जिले के रैगांव पहुँचकर रैगांव से कोठी जनदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुये। रैगांव में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब आवासहीन हर गरीब भूमिहीन को आवास के लिए जमीन का पट्टा दिया जायेगा। हर वर्ग के गरीब आवासहीनों को रहने के लिये जमीन का पट्टा देने प्रदेश में आज से मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना लागू की जा रही है। इस योजना के प्रथम चरण में सर्वे करके गरीबों का चिन्हांकन किया जायेगा। इसके बाद इन्हें उपलब्ध शासकीय जमीन में आवासीय प्लॉट दिये जायेंगे। सरकारी जमीन उपलब्ध न होने पर निजी भूमि खरीद कर भी गरीबों को दी जाएगी। इस योजना में सतना जिले को मॉडल बनाया जायेगा।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनसभा में करतल ध्वनि के बीच रैगांव में इसी सत्र से कॉलेज खोलने, तहसील भवन के निर्माण के लिये एक करोड़ 15 लाख रूपये की स्वीकृति दी, सीएम राइज स्कूल खोलने और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रैगांव में ग्रामीण खेल स्टेडियम, ग्राम मुड़हा में विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण, मसान बाबा और भुरजना देवी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं ग्राम श्रीनगर में संत रविदास के मंदिर निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 2 सड़कों 2 स्टॉप डैमों के निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि 2 सप्ताह पूर्व जनदर्शन में गई घोषणाओं में से 12 मंजूर हो गई है, शेष में कार्य किया जा रहा है। जिन्हें शीघ्र मंजूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि रामपुर बघेलान के शासकीय अस्पताल का सिविल अस्पताल में उन्नयन किया जायेगा।

जनसभा में पहुँचकर मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनका नमन किया। उन्होंनें कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। इस अवसर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जनदर्शन आम-जनता से प्रेमपूर्वक संवाद का अवसर है। जनता की तकलीफें दूर करने और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिये मैं यहाँ आया हूँ। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के नये अवसर दिये जायेंगे। एक जिला-एक उत्पाद योजना से भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रदेश में अगले एक साल में एक लाख लोगों की भर्ती की जायेगी।

**खेती की जमीन पर नहीं मंजूर होगी चूना पत्थर खदानः** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि रैगांव क्षेत्र के बारे में खबर फैलाई जा रही है कि यहाँ पूरे क्षेत्र में चूने पत्थर की खदान का प्रोजेक्ट बनाया जा रहा है। सभी किसान भाई पूरी तरह से आश्वस्त रहें कि जिस जमीन में खेती होती है, उसमें चूना पत्थर की खदान मंजूर नहीं की जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना का खतरा अभी दूर नहीं हुआ है। जो लोग टीके लगाने से छूट गये हैं। वे 27 सितम्बर को टीकाकरण महाअभियान में वैक्सीन की प्रथम डोज अवश्य लगवा लें। कोरोना के संकट से बचने के लिये टीकाकरण ही सबसे कारगर उपाय है। उन्होंने कहा कि बेटियों के लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गई है। गरीबों को निःशुल्क खाद्यान्न दिया जा रहा है। उन्होंने आम-जनता से भी खाद्यान्न वितरण के संबंध में चर्चा की। आमजनों ने बताया कि खाद्यान्न नियमित रूप से मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, आयुष्मान उपचार योजना की भी चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार आमजनता के सहयोग से चलाई जायेगी।

## खास खबर

### विधायक जयवर्धन सिंह को डेंगू



**भोपाल।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। भोपाल के चिरायु अस्पताल में उन्होंने अपनी जांच कराई थी, जो पॉजिटिव आई है। गुरुवार को ही वे झांसी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर रात गुना पहुंचे थे। वहां कई जगह कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया था। गुना की राघोगढ़ सीट से विधायक जयवर्धन सिंह ने शुक्रवार को भोपाल पहुंचकर अपनी जांच कराई थी। शुक्रवार देर रात उनकी जांच रिपोर्ट आई है, जिसमे वे डेंगू पॉजिटिव हैं। वे अभी भोपाल में ही आराम कर रहे हैं। रिपोर्ट साझा करते हुए जयवर्धन सिंह ने लिखा- मेरी डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। डॉक्टर ने मुझे एक सप्ताह के आराम की सलाह दी है, भगवान राघौजी की कृपा से जल्द ही स्वास्थ्य होकर आपके मध्य लौटूंगा। इस हफ्ते की शुरुआत में वे दिल्ली में थे। गुरुवार को झांसी में युवक कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। झांसी में आयोजित वीरांगना लक्ष्मीबाई अवार्ड 2021 के सम्मान समारोह में भी शामिल हुए थे।

### आयकर विभाग ने गुजरात में तलाशी अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कर चोरी के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर 22.09.2021 को गुजरात के एक अग्रणी हीरा विनिर्माता और निर्यातक के परिसरों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया। यह समूह हीरे के व्?यवसाय के अलावा टाइल्स बनाने के भी कारोबार से भी जुड़ा था। इस अभियान में गुजरात के सूरत, नवसारी, मोरबी, वांकानेर और महाराष्ट्र के मुंबई स्थित 23 परिसरों को शामिल किया गया। तलाशी की मुख्य विशेषताओं में बड़ी मात्रा में कागजी और डिजिटल रूप में बेहिसाबी डेटा को जब्त किया जाना शामिल है, जिसे सूरत, नवासारी, मुंबई में अपने भरोसेमंद कर्मचारियों के संरक्षण में गुप्त स्थानों पर रखा गया था। डेटा में पिछले पांच वर्षों के लिए बेहिसाब खरीद, बेहिसाब बिक्री, खरीद के लिए समायोजन प्रविष्टियां लेना, जिनके विरुद्ध नकदी प्राप्त होती है, अंगडिया फर्मों के माध्यम से इस तरह की नकदी और स्टॉक की आवाजाही, अंगडिया के पास बेहिसाब नकदी रखना, संपत्ति और स्?टॉक की खरीद के लिए ऐसी बेहिसाब आय का निवेश और स्टॉक, आदि के प्रमाण शामिल हैं।

### मेरठः प्रियंका गांधी की 'प्रतिज्ञा महारैली' 29 सितंबर के बजाए अक्टूबर में होगी

**मेरठ।** यूपी में 2022 के विधान सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा को पटखनी देने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी सक्रिय हो गई हैं। मेरठ में 29 सितंबर को होने वाली 'प्रतिज्ञा महारैली' स्थगित हो गई है। अब यह रैली अक्टूबर के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह में होगी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने यह जानकारी दी। अजय कुमार लल्लू ने शनिवार को बताया कि मेरठ में होने वाली महारैली की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। मेरठ में 29 सितंबर को होने वाली कांग्रेस की प्रतिज्ञा महारैली को लेकर पार्टी कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए थे। कांग्रेस प्रवक्ता हरिकिशन आंबेडकर ने बताया कि प्रस्तावित रैली की जिला प्रशासन से अनुमति भी मिल गई थी।

## सेक्युलरिज़्म के चोले में वोटों की नीलामी का ठेला लेकर घूम रहे दल हो गए बेनकाबः नकवी



**मुंबइ।** केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी विपक्ष पर जबरदस्त हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मोदी बैशिंग ब्रिगेड अपने ही चालबाजी चक्रव्यूह के चक्के में चकनाचूर होता जा रहा है। नकवी महाराष्ट्र भाजपा की अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक एवं प्रशिक्षण शिविर संबोधित कर रहे थे। नकवी ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों में अल्पसंख्यक वोटों के सियासी सौदागरों ने अल्पसंख्यकों के शोषण की 75 शतरंजी चालें चली हैं। कभी भय की चाल, कभी भ्रम की ढ़ाल, कभी धर्म का जाल तो कभी अफवाहों-आशंकाओं का बवाल। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को ऐसे सियासी सौदागरों से होशियार रहना होगा जो सेक्युलरिज़्म के चोले में वोटों की नीलामी का ठेला लेकर घूम रहे हैं।

विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि छद्म धर्मनिरपेक्षता की सेक्युलरिज़्म के नाम पर ढोंग की पराकाष्ठा तो तब होती है जब शिवसेना जब भाजपा के साथ होती है तो उस पर कम्युनलिज़्म का ठप्पा लगता है और जब कांग्रेस के साथ होती है सेक्युलर होने का सर्टिफिकेट। ऐसे सेक्युलर सिंडिकेट के पास कौन सा सर्टिफिकेट सेंटर है जो मिनटों में किसी को सेक्युलर और किसी को कम्युनल बना देता है। नकवी ने कहा कि पंथनिरपेक्षता भाजपा की संवैधानिक प्रतिबद्धता है और समावेशी विकास संकल्प। इस बात को जमीन की हकीकत में हमने बदला है। इस सच्चाई को लोगों ने समझना शुरू कर दिया है। खासकर अल्पसंख्यक समाज ऐसे वोट के सौदागरों के सियासी शोषण और वोटों के अपहरण की चालबाजी को महसूस भी कर रहा है। जो कुछ भी सेक्युलरिज़्म के नाम पर सियासी शतरंज बिछाए जाते हैं वो भी बेनकाब हो गए हैं।

नकवी ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार एवं भाजपा नेतृत्व की राज्य सरकारों में बिना तुष्टीकरण के सशक्तिकरण, सम्मान के साथ सशक्तिकरण के संकल्प से समाज के सभी वर्गों की तरह अल्पसंख्यक भी तरक्की का बराबर का हिस्सेदार बन रहे हैं।

## देश की संरचना बदलने में आतंक के इस्तेमाल पर सवाल उठाता है अफगानिस्तान का घटनाक्रम : राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि अफगानिस्तान का घटनाक्रम देश की संरचना और व्यवहार को बदलने के माध्यम के रूप में सत्ता की राजनीति और आतंकवाद के इस्तेमाल की भूमिका पर सवाल उठाते हैं। राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कट्टरपंथी और आतंकवादी समूहों को पाकिस्तान के समर्थन के बारे में भारत की चिंताओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बोध होने लगा है। पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अशांति की स्थिति का कारण आक्रामक रूपरेखा और गैरजिम्मेदार देशों द्वारा उनके नियंत्रण से बाहर के तत्वों को सक्रियता से किया जा रहा समर्थन है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद कैसे अस्थिरता फैला सकता है और हिंसक कट्टर ताकतों की खतरनाक प्रवृत्ति कैसे सब कुछ सामान्य दिखाकर वैधता हासिल करने के प्रयास करती हैं, इसे आज दुनिया देख रही है। रक्षामंत्री ने कहा कि सभी जिम्मेदार देशों को अब यह एहसास हो गया है कि सामूहिक चुनौतियों के खिलाफ उन्हें साथ आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के हाल के घटनाक्रमों ने हमारे समय की सच्चाई को मजबूत किया है। उभरती भू-राजनीति को लेकर निश्चितता सिर्फ उसकी अनिश्चितता ही है। देशों की सीमाओं में बदलाव आज बार-बार नहीं हो सकता है।

## सिविल जज या मजिस्ट्रेट का पद 'उच्च महत्व' का होता हैः सुप्रीम कोर्ट


### सिविल मजिस्ट्रेट के पद को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कायम रखा राजस्थान हाईकोर्ट का आदेश



**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सिविल जज या मजिस्ट्रेट का पद 'उच्च महत्व' का होता है। सर्वोच्च नैतिक आधार रखने वाले न्यायाधीश न्याय देने की व्यवस्था में जनता के विश्वास का निर्माण करने में लंबा सफर तय करते हैं और न्यायिक अधिकारी की साख और पृष्ठभूमि के बारे में आम आदमी की धारणा 'महत्वपूर्ण' है। न्यायालय ने कहा कि किसी भी स्तर पर न्यायिक अधिकारी के पद पर 'सबसे सटीक मानक' लागू होते हैं। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर यह फैसला दिया। याचिकाकर्ता ने उस फैसले के खिलाफ यह अर्जी दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि वह सिविल न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने के योग्य नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायाधीश राज्य के सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से एक का निर्वहन करते हैं यानी नागरिकों से जुड़े विवादों का हल करते हैं और सिविल न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट का पद 'उच्च महत्व' का होता है क्योंकि देश में सबसे ज्यादा मुकदमे निचले स्तर पर ही दायर किए जाते हैं। पीठ ने 16 सितंबर को दिए अपने आदेश में कहा, 'किसी भी स्तर पर न्यायिक अधिकारी के पद पर सबसे सटीक मानक लागू होते हैं। इसकी वजहें स्पष्ट हैं। न्यायिक पद पर बैठा व्यक्ति राज्य के सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से एक का निर्वहन करता है यानी कि देश के लोगों से जुड़े विवादों को हल करता है। सर्वोच्च नैतिक आधार रखने वाले न्यायाधीश न्याय देने की व्यवस्था में जनता के विश्वास का निर्माण करने में एक लंबा सफर तय करते हैं।' मामले के तथ्यों का जिक्र करते हुए पीठ ने कहा कि व्यक्ति के खिलाफ कुछ प्राथमिकियां पहले दर्ज की गई और समझौते के आधार पर उसे बरी किया गया।







# बेपटरी होता शहर का यातायात, बीच रोड पर चालक खड़े कर देते हैं वाहन




**शिवपुरी।**

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भगवान भरोसे ही चल रही है। शहर के चौराहो पर ट्रैफिक के सिपाही तो नजर आते हैं, लेकिन यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई न करने से वाहन चालक मनमानी पर उतारु है। इतना ही नहीं शहर की सड़कों पर वाहन चालकों का जहां मन चाहा वहीं वाहन खड़ा कर देते है। यह नजारा यातायात पुलिस भी मूक दर्शक बनकर देखती रहती है। ऑटो चालक सहित अन्य वाहन चालकों का जहां मन हुआ वहां वाहन खड़ा कर गुटका पान करने में लग जाते है और जाम की स्थिति बन जाती है। दरअसल शहर के अंदर यातायात के नियम कानून का कोई मतलब ही नहीं बचा है। वाहन चालकों का जहां से मन होता है वहां से वाहनों को निकालते हैं। भारी वाहनों के चालक अपने वाहन सड़क पर ही खड़ा करके चले जाते हैं। जिसके कारण आए दिन जाम से राहगीरों को गुजरना पड़ता है। शहर के माधव चौक चौराहा, गुरुद्वारा चौक, पोहरी बस स्टेंड सहित अन्य स्थानों पर रोजाना जाम की स्थिति निर्मित होती है। इससे निपटने के लिए यातायात प्रभारी द्वारा कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे है। इन स्थानों पर वाहन चालक अपनी मनमानी करते रहते हैं। सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं। इससे राहगीरों को परेशानी होती है। इसके अलावा किसी राहगीर ने सड़क पर वाहन खड़ा करने का विरोध किया तो वाहन चालक झगड़ा करने पर उतर आते हैं। कुल मिलाकर ट्रैफिक पुलिस की उदासीनता से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी होती जा रही है।

### ऑटो चालकों की धमाचौकड़ी

शहर में जहां मन किया वहीं ऑटो खड़ा कर दिया। एक मिनट के ठहराव की तो बात ही नहीं रही। शहर की चारों तरफ की सड़कों पर ऑटो खड़े रहते है। इन सब नजारों को यातायात पुलिस देखती भी रहती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं हो रहा है। यातायात पुलिस को यातायात का पालन कराने के लिए ही निर्धारित किया गया है। माधव चौक चौराहे पर यातायात प्रभारी रणवीर यादव अधिकांश मौजूद रहते है। लेकिन वह इन सब नजारों को देखते ही रहते है।

### कड़ाई से हो पालन तो सुधरे व्यवस्था-

यातायात के नियमों का पालन यदि यातायात पुलिस द्वारा शहर के ऑटो चालकों को कराया जाए, तो शहर की यातायात व्यवस्था सुधर सकती है। पैदल चल रहे राहगीरों को आवाज लगाते हुए बीच सड़क ही ऑटो चालक अचानक ऑटो खड़ा कर देते है, जिससे हादसे भी घटित होते है। राहगीर और दो पहिया वाहन चालक इस बात को लेकर परेशान रहते हैं।

### नियम सिखाने में यातायात पुलिस पीछे

नियमों के तहत वाहन मालिक और चालक का मोबाइल नंबर ऑटो पर लिखवाने के निर्देश है। ताकि नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। ऑटो चालक को ड्रेस भी पहनना अनिवार्य किया गया था, लेकिन इसका पालन करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। वहीं सड़कों पर फर्राटा भरने वाले इन ऑटो में से अधिकांश ऑटो चालकों द्वारा लापरवाही पूर्वक ऑटो दौड़ाया जाता है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।इसमें नियमों का पाठ सिखाने वाली यातायात पुलिस अब फिसड्डी साबित हो रही है।

## कोलारस बैंक घोटाले आरोपी एवं भ्रूण हत्या काण्ड में आरोपी बनाए गए डॉक्टर फैमिली पर ईनाम घोषित

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के चर्चित कोलारस के सहकारी बैंक में हुए महाघोटाले के मामले फरार तीना आरोपियो पर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने 2-2 हजार रुपए का इूनाम घोषित कर दिया हैं ल। वही शिवपुरी शहर के प्रसिद्ध अस्पताल सिद्धि विनायक के भ्रूण हत्याकाडं में आरोपी बनाए डॉ.दंपत्ति पर भी 2-2 हजार का इनाम घोषित किया हैं। जैसा कि विदित है कि कोलारस के सहकारी बैंक मे हुए घोटाले में आरोपी बनाए गए बैंक के कैशियर आरोपी राकेश पाराशर पुत्र स्र्व जगदीश प्रसार पाराशर केश्यिर जिला सहकारी केन्द्रीय बैक कोलारस जिला शिवपुरी, निवासी कोलारस,आरोपी राकेश पाराशर पुत्र स्र्व जगदीश प्रसार पाराशर केश्यिर जिला सहकारी केन्द्रीय बैक कोलारस जिला शिवपुरी, निवासी कोलारस और रमेश कुमार राजपूत पुत्र गंगाराम राजपूत ग्राम टोरिया थाना इंदार जिला शिवपुरी तात्कालीन मैनेजर जिला सहकारी केन्द्रीय बैक कोलारस जिला शिवपुरी। तीनो आरोपियो पर कोलारस थाने में अपराध क्रमांक 386/2021 धारा 409, 402 ,467, 468,34 के तहत कोलारस थाने में मामला दर्ज किया हैं। याह तीनो आरोपी फरार हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने इन तीनो फरार आरोपियो पर 2-2 को ईनाम घोषित किया हैं। वही शहर के प्राईवेट हॉस्पिटल सिद्धि विनायक में हुए भ्रूण हत्याकाण्ड में आरोपी बनाए गए डॉ.रईस खां पुत्र दिलावर खां निवासी आजाद नगर बी.02 बुराहनपुर जिला बुराहनपुर मप्र हाल निवासी अब्दुल कलाम कॉलोनी थाना कोतवाली जिला शिवपुरी और पूनम खां पत्नि रईस खां निवासी आजाद नगर बी 02 बुराहनपुर जिला बुराहनपुर मप्र हाल निवासी अब्दुल कलाम कॉलोनी थाना कोतवाली जिला शिवपुरी पर अपराध क्रमांक 506/ 2021 धारा 22.23.(10) एंव 24 आर्युविज्ञान अधिनियम एंव धारा 419,420,468 के तहत मामला दर्ज किया है।

## 181 पर शिकातय की तो पटवारी ने शिकायतकर्ता को धमकाया,कहा मुआवजा रोक दिया जाऐगा

शिवपुरी।

मप्र में सुशासन की स्थापना को लेकर मप्र में सीएम हेल्पलाईन का श्रीगणेश शुरू किया था। सीएम हेल्पलाईन के द्वारा मप्र का एक आम नागरिक अपनी समस्या फोन से टोल-फ्री नम्बर 181 पर कॉल कर शिकायत के रूप में दर्ज करा सकते हैं। लेकिन शिवपुरी में सीएम हेल्पलाईन पर शिकायत दर्ज कराने पर समास्या का समाधान छोडिए पुलिस मे मामला दर्ज कराने के साथ साथ मुआवजा रोक लेने की धमकी तक मिल रही हैं। जिसका ताजा मामला पोहरी जनपद के ग्राम पंचायत बैदानी में आने वाले गावं खेडा का हैं। ग्राम खेडा निवासी शहजाद जाटव ने सीएम हेल्पलाइन में गांव खेडा मे बने 3 लाख के मैदान के अतिक्रमण और गांव की लगभग 50 बीघा से अधिक चरनौई भूमि पर अतिक्रमण कर खेती करने को लेकर लगाई थी। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा कि ग्राम पंचायत ने 3 लाख रूपए की लागत से गांव मे एक खेल मैदान बनाया था, लेकिन यह खेल मैदान अब बच्चो के खेलने के काम नही आता इस मैदान पर गांव के दबंग लोगो ने अतिक्रमण कर लिया है और इस पर वर्तमान समय मे तिली की फसल उग रही है। वही गांव की चरनौई भूमि जो लगभग 50 बीघा से अधिक हैं उस पर गांव के लोगो ने पत्थर और तारफैंसिग से जमीन को कवर कर लिया हैं,और इस पर खेती की जा रही हैं। इससे गांव के मवेशियो को चरने में परेशानी आती हैं। इस शिकायत की जांच करने के लिए ऐंजेंसी राजस्व विभाग को बनाया गया। एक पटवारी को नियुक्त किया गया। शिकायत जनहित की थी, बच्चो के खेल के आशियाने को छिना गया और गोवंश के चारे पर अतिक्रमण किया गया। जनहित और धर्महित की शिकायत थी शिकायत का तत्काल निराकरण किया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नही हुआ शिकातय कर्ता को उल्टा जांच अधिकारी धमकी दे रहा हैं और इस धमकी भरी शिकायत का आडियो भी वायरल हो रहा हैं। आडियो में जांच इस मामले के जांच अधिकारी बने पटवारी ने शिकायत कर्ता को फोन लगाया और कहा कि ऐसे समय में तुम फालतु की शिकायत करते हो तुम्हारी शिकायत ने लिखा पडी का काम बडा दिया हैं।

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पं दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय संगोष्ठी सम्पन्न

### जो लीङ से हटकर काम करते हैं उन्हीं की जीवनी लिखी जाती है : प्रमोद भार्गव



**करैरा**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जिला शिवपुरी के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर जिला पंचायत सभागर में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पं दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि श्री प्रहलाद भारती पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा एवं मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार श्री प्रमोद भार्गव उपस्थित थे,सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता और पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक शिवपुरी डॉ. रीना शर्मा जी द्वारा स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत वदंन अभिनंदन किया और कहा कि अल्प समय में ही हमारे लिए जो मार्गदर्शन देने के लिए समय निकाला उसके लिए बहुत बहुत धन्यावाद एवं आभार व्यक्त करते हैं मुख्य अतिथियों ने सबसे पहले भारत माता और पं दीन दयाल उपाध्याय जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया। इसके बाद मुख्य अतिथियों का बारी बारी से जन अभियान परिषद शिवपुरी के सभी विकासखंड के एक - एक सक्रिय सदस्यों से माल्यार्पण कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रमोद भार्गव जी पं दीनदयाल उपाध्याय के मानवता वाद एकात्मकता के सिद्धांत के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला जिसमें सूचना का अतिवाद बह रहा है और प्रकृति के बिना कुछ भी नहीं बना सकते हैं इसलिए इसका अति दोहन नहीं करना चाहिए पं दीन दयाल उपाध्याय जी का सपना था कि अंतिम छोर के व्यक्ति का विकास ही अंत्योदय है हिंदी भाषा अन्य भारतीय भाषाओं से श्रेष्ठ है अंत में उन्होंने कहा कि है जो लीक से हटकर कुछ अलग काम करते हैं उन्ही की जीवनी लिखी जाती है और फिर अंत में मुख्य अतिथि प्रहलाद भारती जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंत्योदय और एकात्म मानववाद का सबसे सरल शब्दों में भावार्थ है ÷भारत माता की जय ÷। पं दीन दयाल उपाध्याय जी के सिद्धांतों को सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत में लागू करना प्रारंभ किया था आज भारत दीन दयाल जी के सिद्धांतों पर चलकर ही निरंतर तरक्की की ओर अग्रसर है आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत ज्योति सैन बदरवास, चंदन लोधी खनियाधाना, सकुन नामदेव पोहरी, ब्रजेश कुशवाहा कोलारस, सोनपाल सिंह बैस नरवर, दुर्ग सिंह लोधी करेरा रेखा समाधिया, उत्तम धाकड़, हरिओम शर्मा शिवपुरी आदि ने स्वागत किया।

## नदी के जाल में फंसा हुआ मिला नक्श का शव

**शिवपुरी।**

जिले के कोलारस तहसील के सानपुर गांव में ननिहाल आए मासूम भाई बहन बीते गुरूवार की दोपहर गुंजारी नदी में डूब गए। चप्पल धोते समय 8 साल का मासूम नदी में गिर गया तो उसे बचाने के लिए 10 साल की बहन ने भी नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद नाना ने बच्ची को बचा लिया था। लेकिन आठ साल के मासूम नदी मे लापता हो गया था। लापता बालक का शव लगभग 24 घंटे बाद मिलने की खबर आ रही हैं। जैसा कि विदित हो कि गुरूवार की दोपहर नक्श जाटव उम्र 8 साल, स्वीटी जाटव उम्र 10 साल पुत्री जगदीश जाटव निवासी ग्राम सानपुर अपने ननिहाल चकरा गांव आए थे। नाना अशोक जाटव गुरूवार की दोपहर नदी पर अपनी भैसों को पानी पिलाने लाया था। उसके साथ घर से दोनो बच्चे भी चले आए थे। घर से नदी तक आते हुए बच्चो की चप्पल किचड से बिगड गई। किचड से चप्पल बिगडने पर नक्श नदी में एक चट्टान पर बैठकर अपनी चप्पल धोने लगा,तभी अचानक उसका संतुलन बिगड गया और वह नदी में गिर गया। अपने भाई को डूबते देख उसकी 10 वर्षीय बहन स्वीटी ने भी नदी में छलांग लगा दी। स्वीटी को नदी में कूंदते हुए नाना ने देख लिया था।जिसपर नाना ने तुरंत नदी में कूंदते हुए स्वीटी को बचा लिया। लेकिन नक्श का कोई पता नही चला वह नदी में लापता हो गया। देर शाम तक रेस्क्यू किया गया लेकिन नक्श नही मिला,इसके बाद शुक्रवार को भी दिनभर रेस्क्यू किया गया लेकिन नक्श की लाश कही नही मिली,फिर ग्रामीणो ने नदी के बहाब में जाल लगा दिया उसमें नक्श का शव फस गया और घटना के 24 घंटे बाद नक्श का शव मिला हैं।

## गमी में गया था परिवार घर पर अकेली महिला का बहनोई ने आकर किया बलात्कार

**शिवपुरी।**

जिले के नरवर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मनकपुर मे एक महिला ने अपने ही बहनोई पर रेप की एफआईआर दर्ज कराई है। इस मामले की शिकायत पीडिता ने नरवर थाने में की। जहां पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मनकपुर में एक 22 वर्षीय महिला ने शिकायत करते हुए बताया बीते 28 जून को उसके परिवार में गमी हो गई थी। जिसमें शामिल होने उनका बहनोई नरेन्द्र कुशवाह घर आया था। पूरा परिवार नीचे गमी में था और आरोपी ने उपर बाले कमरे में महिला को दबौच कर उसके साथ रेप की बारदात को अंजाम दिया। उसके बाद महिला ने लज्जा के चलते इस मामले के संबंध में जानकारी छुपाई। परंतु उसके बाद आरोपी महिला को पुन÷ संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करने लगा। जिसपर पीडिता ने उक्त मामले की शिकायत पति से की। पति महिला को लेकर थाने पहुंचा। जहां पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ रेप की धाराओ में मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

## सवारी बैठने को लेकर दो ऑटो चालक आपस में भिडे,चली तलवारें, हुए हवाई फायर, तीन घायल



शिवपुरी। जिले के तेंदुआ थाना क्षेत्र के ग्राम खरई में ऑटो में सवारी बैठाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर तलवारों, लाठी डंडा और सरियों से हमला बोल दिया। जहां तक कि आरोपियों ने हवाई फायर किए, जिससे गांव में दहशत फैल गई। इस घटना में फरियादी और उसके परिवार के दो सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 324, 323, 294, 336, 147, 148, 149, 506 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। जानकारी के अनुसार फरियादी राजेश धाकड़ और आरोपी हम्मो शाह के बीच ऑटो में सवारी बैठाने को लेकर कहा सुनी हो गई और दोनों पक्ष की ओर से उनके परिवार के लोग भी वहां एकत्रित हो गए। इसी दौरान आरोपी हम्मो शाह ने अपने साथी अकबर, सलमान खान, लाल शाह, राजू, अकरम और असलम के साथ मिलकर ऑटो में रखी तलवार, लाठी-डंडें निकाल लिए और राजेश और उसके परिवार के गोविंद धाकड़ और लखन धाकड़ पर हमला बोल दिया। इसी दौरान आरोपी हम्मो शाह ने कट्टा निकालकर हवाई फायर कर दिए। जिससे वहां भगदड़ मच गई। घटना के बाद आरोपी पीड़ित पक्ष को धमकी देते हुए वहां से भाग गए। आरोपियों के भागने के बाद घायलों को अस्पताल लाया गया। वहीं पुलिस को घटना की सूचना दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और फरियादी के बयानों को दर्ज करने के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई।


## बेपटरी होता शहर का यातायात, बीच रोड पर चालक खड़े कर देते हैं वाहन

**शिवपुरी।**

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था भगवान भरोसे ही चल रही है। शहर के चौराहो पर ट्रैफिक के सिपाही तो नजर आते हैं, लेकिन यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई न करने से वाहन चालक मनमानी पर उतारु है। इतना ही नहीं शहर की स?कों पर वाहन चालकों का जहां मन चाहा वहीं वाहन ख?ा कर देते है। यह नजारा यातायात पुलिस भी मूक दर्शक बनकर देखती रहती है। ऑटो चालक सहित अन्य वाहन चालकों का जहां मन हुआ वहां वाहन ख?ा कर गुटका पान करने में लग जाते है और जाम की स्थिति बन जाती है। दरअसल शहर के अंदर यातायात के नियम कानून का कोई मतलब ही नहीं बचा है। वाहन चालकों का जहां से मन होता है वहां से वाहनों को निकालते हैं। भारी वाहनों के चालक अपने वाहन स?क पर ही ख?ा करके चले जाते हैं। जिसके कारण आए दिन जाम से राहगीरों को गुजरना पड़ता है। शहर के माधव चौक चौराहा, गुरुद्वारा चौक, पोहरी बस स्टेंड सहित अन्य स्थानों पर रोजाना जाम की स्थिति निर्मित होती है। इससे निपटने के लिए यातायात प्रभारी द्वारा कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे है। इन स्थानों पर वाहन चालक अपनी मनमानी करते रहते हैं। स?क पर ही वाहनों को ख?ा कर देते हैं। इससे राहगीरों को परेशानी होती है। इसके अलावा किसी राहगीर ने स?क पर वाहन ख?ा करने का विरोध किया तो वाहन चालक झग?ा करने पर उतर आते हैं। कुल मिलाकर ट्रैफिक पुलिस की उदासीनता से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी होती जा रही है।

### ऑटो चालकों की धमाचौक?ी

शहर में जहां मन किया वहीं ऑटो ख?ा कर दिया। एक मिनट के ठहराव की तो बात ही नहीं रही। शहर की चारों तरफ की स?कों पर ऑटो ख? रहते है। इन सब नजारों को यातायात पुलिस देखती भी रहती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं हो रहा है। यातायात पुलिस को यातायात का पालन कराने के लिए ही निर्धारित किया गया है। माधव चौक चौराहे पर यातायात प्रभारी रणवीर यादव अधिकांश मौजूद रहते है। लेकिन वह इन सब नजारों को देखते ही रहते है।

### कड़ाई से हो पालन तो सुधरे व्यवस्था-

यातायात के नियमों का पालन यदि यातायात पुलिस द्वारा शहर के ऑटो चालकों को कराया जाए, तो शहर की यातायात व्यवस्था सुधर सकती है। पैदल चल रहे राहगीरों को आवाज लगाते हुए बीच स?क ही ऑटो चालक अचानक ऑटो ख?ा कर देते है, जिससे हादसे भी घटित होते है। राहगीर और दो पहिया वाहन चालक इस बात को लेकर परेशान रहते हैं।





## कियोस्क संचालक ने खाते से निकाल लिए 50 हजार, धोखाधडी का मामला दर्ज

**शिवपुरी।**

खबर जिले के पिछोर थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर बडेरा की हैं जहां एक युवक अपने पिता की मौत के बाद खाते से 50 हजार रूपए निकालने का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत पीडित ने पुलिस थाना पिछोर में की। जहां पुलिस ने पीडित की शिकायत पर आरोपी कियोस्क संचालक के खिलाफ धोखाधडी की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार राजाराम आदिवासी पुत्र किशोरा आदिवासी निवासी बडेरा ने पिछोर थाने में शिकायत करते हुए बताया है कि उसके पिता किशोरा आदिवासी की मौत 2018 में हो गई थी। मौत के बाद पिता के खाते में लगभग 50 हजार रूपए डले हुए थे। जब राजाराम इस खाते का नौमनी बनकर खाता चेक किया तो सामने आया कि उक्त खाते से तो आरोपी क्योस्क संचालक दीपक यादव ने 2019 में पैसे निकाल लिए। जिसपर पीडित ने खाते का स्टेटमेंट निकालकर इस मामले की शिकायत पिछोर थाने में की। जहां पुलिस ने पीडित की शिकायत पर क्योस्क संचालक के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है। क्योस्क संचालक फिलहाल फरार बताया जा रहा है।

# 30 हजार शातिर बदमाश गिरफ्तार, मुठभेड़ में बदमाश सहित एक एसआई घायल

**भिण्ड।** शुक्रवार शनिवार की रात मालनपुर के पास कर्नोल फैक्ट्री के पास तीस हजार के इनामी फरारी बदमाश एवं उसके एक साथी को मुठभेड़ के दौरान पकड़ा। पुलिस के अनुसार मुखबिर से पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि इनामी बदमाश शैतान सिंह भदौरिया और उसका साथी बदमाश मालनपुर क्षेत्र में है उन्होंने तत्काल साइबर टीम को निर्देश दिए। साइबर टीम भिंड से मालनपुर के लिए रवाना हुई और तत्काल मालनपुर थाना प्रभारी विनोद सिंह कुशवाह को इसकी जानकारी दी इसी एरिया में टीम के साथ गश्त कर रहे रोन टीआई उदय भान सिंह यादव को भी अवगत कराया। गोहद एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी भी थाने पर पहुंचे सभी ने बैठकर रणनीति तैयार की। बदमाशों की लोकेशन पता की गई तो करलोन फैक्ट्री के पास मिली तत्काल घटनास्थल के लिए टीम रवाना हुई द्यमौके पर पहुंचकर पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी कर ललकारा तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी पुलिस ने आत्मरक्षारर्थ जवाबी फायरिंग की जिसमें 30 हजार का इनामी बदमाश शैतान सिंह भदोरिया उर्फ अंकेश पुत्र राजवीर सिंह भदोरिया उम्र 32 साल निवासी परोसा थाना गोरमी के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया पुलिस ने तत्काल उसे पकड़ लिया। मुठभेड़ में एक एसआई भी घायल हो गए। थोड़ी ही दूर पर उसके साथी बदमाश को भी पुलिस ने धर दबोचा पूछताछ करने पर उसने अपना नाम इंद्रजीत सिंह भदोरिया पुत्र शंकर सिंह भदौरिया बताया तलाशी लेने पर पुलिस ने शैतान सिंह से एक पिस्टल 312 बोर कुछ जिंदा राउंड एवं खाली खोखे बरामद किए वही दूसरे बदमाश इंद्रजीत सिंह से 315 बोर की अधिया और कुछ जिंदा राउंड और खाली खोखे बरामद किए दोनों ही आरोपियों को पुलिस पकड़ कर थाने लाई और फिर घायल बदमाश को रात में ही गोहद स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां उसका उपचार कराया। उपचार के दौरान पुलिस बदमाश को थाने लेकर आई है और पूछताछ कर रही है बताया जा रहा है शैतान सिंह पर गोरमी, मालनपुर थानों के अलावा कई थानों में अपराध पंजीबद्ध हैं उक्त आरोपी शराब माफिया भी है उस पर पुलिस महानिरीक्षक चंबल द्वारा 30 हजार की इनाम घोषित कर रखी थी। बदमाशों को पकड़ने में मालनपुर टीम टीआई विनोद सिंह कुशवाह, रोन टी आई उदय भान सिंह यादव, एसआई अजय यादव, साइबर टीम से शिव प्रताप सिंह एसआई, सत्यवीर सिंह एएसआई, प्रधान आरक्षक मनीष पचौरी नवीन तोमर आरक्षक गजेंद्र सिकरवार प्रधान आरक्षक सत्येंद्र यादव एवं मालनपुर थाने के पुलिस बल की सराहनीय भूमिका रही।

### इनका का कहना है



अपराधी पर दिल्ली के वसंत विहार थाने में भी अपराध पंजीबद्ध है अपराधी दारू की तस्करी में माहिर था।

**नरेंद्र सिंह सोलंकी**
एसडीओपी गोहद

## बीयर के लिए रुपये मांगे न देने पर युवक के साथ मारपीट

**भिण्ड।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के माखन भोग होटल के पास शराब पीने के लिए बदमाश ने एक युवक से रुपये मांगे तो उसने देने से मना कर दिया, जिसके बाद उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है पुलिस के अनुसार राहुल पुत्र स्व. प्रदीप यादव उम्र 32 वर्ष निवासी वाटर वर्क्स ने बताया क्षेत्र के माखन भोग होटल के बाहर वह खड़ा हुआ था, इसी दौरान पन्ना उर्फ विनोद जैन निवासी पेट्रोल पंप के सामने पन्ना होटल जो शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा जब उसने देने से इंकार कर दिया तो मारपीट शुरु कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

## सामाजिक संगठन के बीच हुए विवाद को लेकर कुदरा निवासी युवक के साथ हुई गाली गलौज क्षेत्र के यादव समाज के युवाओं ने अमानगंज थाना में दीया शिकायती आवेदन



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना।** अमानगंज थाना क्षेत्र के समस्त यादव समाज के युवाओं ने थाना तिराहे पर एकत्रित होकर अमानगंज थाना परिसर पहुंचकर शिकायती आवेदन देते हुए आरोपी पर कार्यवाही करने की मांग की युवा हर्ष राज यादव एवं समाजसेवी सरबेन्द सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों छतरपुर में करणी सेना द्वारा यादव समाज को बुरी बुरी गालियां से संबोधित किया गया एवं पूरी यादव समाज को गाली गलौज की गई जिस बात को लेकर कुदरा ग्राम निवासी कमलेंद्र यादव द्वारा अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर एक स्टेटस लगाया की करणी सेना जो गाली गलौज कर रही है वह सामने आकर अपने विरोधी को दें ना कि संपूर्ण समाज को जिस बात को लेकर गुडमानिया निवासी छोटू राजा ने फरियादी कमलेंद्र यादव को फोन पर बुरी बुरी गालियां दी एवं सामने मिलने की बात कह कर जान से मारने की धमकी दी जिससे गुस्साए क्षेत्र के याददव समाज के युवाओं द्वारा अमानगंज थाना परिसर में उपस्थित होकर शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया और आरोपी छोटू राजा पर कार्यवाही करने की मांग रखी।

# डायवर्सन (व्यपवर्तन) हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया का करें उपयोग, शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन हो जायेगा

### प्रक्रिया हेतु किसी भी अधिकारी/कर्मचारी अथवा अन्य किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को ऑफलाइन आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है

भिण्ड। मध्य प्रदेश भू-राजस्य संहिता (भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण नियम 2018) अंतर्गत डायवर्सन (व्यपवर्तन) के संबंध में प्राप्त निर्देशानुसार सूचित किया जाता है की डायवर्सन (व्यपवर्तन) हेतु ऑफलाइन प्रक्रिया में संशोधन करते हुए ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की गई है। जिसके अंतर्गत डायवर्सन (व्यपवर्तन) की सूचना हेतु आवेदन शासन की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकते है तथा निर्धारित शुल्क का भुगतान भी वेब साइट के माध्यम से ऑनलाइन बैंकिंग के साधनों का उपयोग कर जमा किया जा सकता है। इस हेतु पोर्टल पर उपलब्ध ''डायवर्सन ऑनलाइन प्रक्रिया'' मैन्युअल में दर्शित प्रक्रिया का पालन करना होगा। उक्त प्रक्रिया हेतु किसी भी अधिकारी/कर्मचारी/अथवा अन्य किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को ऑफलाइन आवेदन देने की आवश्यकता नहीं है। नियमानुसार डायवर्सन से आशय भू-राजस्व के पुनर्निर्धारण से है। व्यवहारिक रूप से प्रत्येक भूमि भूखंड का भू-राजस्व उसके उपयोग के अनुसार निर्धारित है जब किसी भूमि/खण्ड के उपयोग में परिवर्तन किया जाता है तो इसका आशय व्यपवर्तन या डायवर्सन होता है, जैसे कृषि से आवासीय, आवासीय से व्यावसायिक तथा कृषि से व्यावसायिक आदि। पोर्टल पर लॉगिन करने के पश्चात, डैशबोर्ड पर 'दर सूची/रेट स्पेज उपलब्ध है। उपयोगकर्ता 'दर सूची' पर क्लिक कर दरों को देख सकते है एवं पोर्टल पर डायवर्सन हेतु आवश्यक जानकारी की प्रविष्ट करने पर सिस्टम अनुसार गणना कर देय राशि की जानकारी मिल जाती है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु सर्व प्रथम के विकल्प के माध्यम से पंजीयन करना होगा जिसके पश्चात आपको यूजर आइ.डी. एवं पासवर्ड उपलब्ध होगा जिसका उपयोग कर लॉगिन करने के पश्चात व्यपवर्तन सूचना विकल्प का चयन कर आवेदन दर्ज किया जा सकता है।

उपरोक्तानुसार पूर्व में किए गए डायवर्सन (व्यपवर्तन) हेतु पटवारी लॉगिन के माध्यम से उन्हे अभिलेख में दर्ज किए जाने का प्रावधान किया गया है। अतः पूर्व में किए गए पुराने डायवर्सन (व्यपवर्तन) हेतु पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। पूर्व में किए गए डायवर्सन के शुल्क भुगतान भी ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जा सकता है, उक्त कार्य हेतु तहसील कार्यालय में जाकर रसीद कटवाने की आवश्यकता नहीं है।व्यपवर्तन से सम्बंधित समस्यायों के निराकरण के लिये टोल फ्री नंबर 1800 233 6763 पर संपर्क किया सकता है तथा पोर्टल पर ग्रीवेंस सेक्शन में शिकायत भी दर्ज की जा सकती है।

## डंपर की टक्कर से युवक की मौत



**भिण्ड।** जिले के असवार थाना क्षेत्र में एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। युवक, अपनी बाइक से वापस गांव लौट रहा था, तभी पीछे से आए डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

असवार थाना पुलिस के मुताबिक गिरवासा गांव में रहने वाले जीतेंद्र पुत्र ज्ञान सिंह कुशवाह (28) शनिवार की सुबह सामान की खरीदारी करने के लिए लहार आया था। दोपहर के समय जब वो बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहा था तभी पीछे से आ रहे अज्ञात डंपर चालक ने तेज व लापरवाही से वाहन को चलाते हुए जीतेंद्र की बाइक में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डंपर की टक्कर से जीतेंद्र बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। इस वजह से मौके पर ही मौत हो गई। यह सूचना के बाद परिजन मौके पर आ गए। परिजनों के मुताबिक, जीतेंद्र की एक साल पहले शादी हुई थी। जिस बाइक से वो अपने घर लौट रहा था वह बाइक उसे शादी में मिली थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाते हुए पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने पूरे मामले में डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी।

# जैन समाज ने निकाली भगवान श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा

गोरमी।

गोरमी नगर के संपूर्ण जैन समाज द्वारा अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आज भगवान महावीर स्वामी यानी भगवान श्री जी की भव्य शोभायात्रा नगर के बाहुबली दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर अगर के पोरसा चौराहा कचना रोड स्थित चंद्रप्रभु के मंदिर इसके बाद तिवारी मोहल्ला थापक मोहल्ला मैं स्थित प्राचीन जैन मंदिर पर पहुंची वहां से पूजा अर्चना के बाद यादव मोहल्ला थाना रोड होती हुई पुनः बाहुबली दिगंबर जैन मंदिर पर समाप्त हुई यात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला पुरुष बालक बालिकाएं उपस्थित थे यात्रा के आगे आगे बैंड बाजों के साथ



जैन समाज के युवा भगवान महावीर स्वामी के भजनों पर नृत्य कर रहे थे यात्रा में जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई थी यात्रा में जैन समाज के अलावा अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या मौजूद थे यात्रा के दौरान स्थानीय थाना प्रभारी सुरेश चंद शर्मा पलवल के साथ मौजूद रहे यात्रा में मुख्य रूप से राजकुमार जैन शिव सैन जैन विजय कुमार पांडे अनिल जैन संजीव जैन आनंद जैन बंटी जैन वीरेंद्र जैन प्रकाश चंद्र पांडे जय कुमार पांडे डॉ दीपक जैन मन्नू जैन अरविंद जैन विनोद जैन आशीष जैन डॉ अक्षय जैन महावीर जैन विमल पांडे चेतन जैन के के जैन धर्मेंद्र जैन सौरव जैन आदि उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया दलित एक्शन कमेटी ने देहात थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**भिण्ड।** ऑल इंडिया दलित एक्शन कमेटी जिला भिण्ड की टीम ने शनिवार को देहात थाना प्रभारी रामबाबू यादव की कार्य क्षेत्र में कार्यशैली को देखते हुए कमेटी ने उनका सम्मान शॉल, नारियल व फूल माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गोविंद सिंह ठेकेदार, मनोज कुमार श्रीवास, आईटी सेल मध्य प्रदेश दिनेश श्रीवास, जिला प्रभारी जिला अध्यक्ष मोहन सिंह सखवार, रघुवीर श्रीवास, कमलेश श्रीवास, बंटी श्रीवास, प्रभु दयाल खटीक, नरेश सिंह सखवार, शिवकांत श्रीवास आदि लोग मौजूद रहे।

## नकाब पोश बदमाशों ने मोबाइल लूटा

**भिण्ड।** ऊमरी थाना क्षेत्र के कनावर रोड पर स्थित विनोद की दुकान के सामने अज्ञात बाइक सवार नकाब पोश बदमाशों ने एक युवक का मोबाइल लूटकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार विगत 15 सितबर 2021 प्रातः 11 बजे प्रदीप पुत्र यादवेन्द्र सिंह यादव निवासी कनावर रोड जो क्षेत्र के कनावर रोड पर स्थित विनोद की दुकान के सामने से गुजर रहा था, इसी दौरान अज्ञात बदमाश बाइक से मुंह बांधकर आये और मोबाइल लूटकर ले गये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## ग्राम पंचायत बरौली में सरपंच-सचिव नहीं कर रहे विकास कार्य

**मौ।** कस्बा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरौली में सरपंच-सचिव किसी तरह का विकास कार्य नहीं कर रहे हैं। शासन से मिलने वाली राशि को डकारने में लगे हुए हैं इतना ही नहीं मनरेगा के तहत ग्रामीणों को रोजगार देना चाहिए लेकिन मशीनों काम कराकर फर्जी मस्टर रोल भरकर सांठगांठ के चलते भुगतान कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिव प्रियंका शर्मा, सरपंच गीता शाक्य के पति कन्हैयालाल शाक्य फर्जीबाड़ा करने में सबसे आगे रहते हैं। गांव में तलाब, सड़क, हेंडपेप आदि निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए हैं और दोनों ने मिलकर कागजों में सारा विकास कर दिया, जबकि जमीनी हकीत सब शून्य नजर आ रहा है। इसलिए ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव के भ्रष्टाचार की शिकायत अधिकारियों से की है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में चंबल एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण के संबंध में बैठक आयोजित



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में चंबल एक्सप्रेस वे के भारतमाला परियोजना में शामिल होने से जमीन अधिग्रहण के संबंध में बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में एडीएम प्रवीण फुलपगारे, प्रोजेक्टर डायरेक्टर एनएच राजेश गुप्ता, एसडीएम भिण्ड उदयसिंह सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बडोले, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा के अलावा एमपीईबी, पीएचई, जीएमडीआईसी, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, एमपीआरडीसी सहित आरआई एवं पटवारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि अटल चंबल एक्सप्रेस वे के लिए शासकीय एवं प्रायवेट जमीन अधिग्रहण के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि सभी अधिकारीगण इसे प्राथमिकता पर ले। कोई भी कार्य डिले नहीं होना चाहिए। वाट्सअप ग्रुफ बनाकर कलेक्टर को भी जोडा जाए। चंबल एक्सप्रेस वे के जमीन अधिग्रहण के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है उसको समन्वय के साथ तत्काल निराकरण करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि प्रायवेट जमीन अधिग्रहण की जावेगी उसके बदले कहां जमीन दी जाएगी उसको अधिकारीगण अभी से चिन्हित करना शुरू कर दें। कलेक्टर ने कहा कि चंबल एक्सप्रेस-वे के लिए सर्वे का कार्य किया जाये। सर्वे के दौरान यह देखा जाए कि जमीन पर कब्जा तो नहीं है या मंदिर बगैर बने हुए है उनको चिन्हित करें और कब्जा हटाने की कार्यवाही तत्काल की जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक गांव भिण्ड का और 26 गांव अटेर के शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रायवेट जमीन के बदले जहां तक हो रोड से 100 मीटर दूरी पर जहां शासकीय जमीन उपलब्ध हो उसका सर्वे किया जाए और देने के लिए चिन्हित की जावे। अगर किसी को इस संबंध में कोई परेशानी आ रही है तब मुझे फोन कर बताया जावे। प्रारंभ में प्रोजेक्टर डायरेक्टर राजेश गुप्ता ने चंबल एक्सप्रेस-वे के संबंध में जानकारी से अवगत कराया।

## मातृभाषाओं को बचाने की चुनौती

दुनिया भर में अंग्रेजी भाषा के पसरते पांव और मिल रहे संरक्षण ने विश्व में बोली जाने वाली उन सैकड़ों लोक भाषाओं के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर दिया है जो सदियों से बोली जाती रही हैं। इस परिप्रेक्ष्य में चौंकाने वाला तथ्य यह भी है कि विलुप्त हो रही भाषाओं में भारत के 196 भाषाओं का अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है। हाल ही में %भाषा रिसर्च एंड पब्लिकेशन सेंटर' द्वारा किए गए %भारतीय भाषाओं के लोकसंरक्षण' की रिपोर्ट से उजागर हुआ है कि विगत 50 वर्षों में भारत में बोली जाने वाली 850 भाषाओं में करीब 250 भाषाएं विलुप्त हो चुकी हैं और 130 से अधिक भाषाओं का अस्तित्व खतरे में है। शोध में कहा गया है कि असम की 55, मेघालय की 31, मणिपुर की 28, नगालैंड की 17, और त्रिपुरा की 10 भाषाएं मरने के कगार पर हैं। इन्हें बोलने वालों की संख्या लगातार तेजी से घट रही है। उदाहरण के तौर पर सिक्किम में माझी बोलने वालों की संख्या सिर्फ चार रह गई है। यह लोकभाषाओं के अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती है। चूंकि भारत भाषायी विविधता से समृद्ध देश है ऐसे में भाषाओं का संरक्षण जरूरी है। भाषाओं के प्रति उदासीनता का ही नतीजा है कि छोटे से राज्य अरुणाचल में ही 90 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं और इनमें से कई भाषाओं को अस्तित्व खतरे में है। इसी तरह ओडिशा में 47, असम की 55, मणिपुर की 28, नागालैंड की 17, त्रिपुरा की 10 और महाराष्ट्र एवं गुजरात में 50 से अधिक भाषाओं में से कई विलुप्ति की कगार पर हैं। भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी लोकभाषाएं तेजी से विलुप्त हो रही हैं। पिछले दिनों मैक्सिकों की पुरानतम भाषाओं में से एक अयापनेको के विलुप्त होने की खबर अच्छी खासी चर्चा में रही। सुन-जानकर आश्चर्य लगा कि %अयापनेको' भाषा को जानने और बोलने वाले लोगों की संख्या विलुप्त में अब महज दो रह गई है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इन शेष दो लोगों ने भी ठान लिया है कि वह आपस में इस भाषा के जरिए वार्तालाप नहीं करेंगे। मतलब साफ है कि अयापनेको' भाषा का अस्तित्व मिटने जा रहा है। विश्व की हर भाषा की अपनी ऐतिहासिकता और गरिमा होती है। प्रत्येक समाज अपनी भाषा पर गर्व करता है। %अयापनेको' भाषा की भी अपना एक विलक्षण इतिहास रहा है। इस भाषा को मैक्सिको पर स्पेनिश विजय का गवाह माना जाता है। लेकिन विडंबना है कि जिस अयापनेको' भाषा को युद्ध, क्रांतियां, सूखा और बाढ़ लील नहीं पाया वह अपने अस्तित्व के दौर से गुजर रही है। इन सबके बीच सुखद बात सिर्फ यह है कि इंडियाना विश्वविद्यालय के भाषायी नृविज्ञानी अयापनेको' भाषा का शब्दकोष बनाकर उसे विलुप्त होने से बचाने की जुगत कर रहे हैं। पर देखा जाए तो भाषाओं के विलुप्त होने की समस्या सिर्फ अयापनेको' तक ही सीमित नहीं है। विश्व के तमाम देशों में बोली जाने वाली अन्य स्थानीय भाषाएं भी दम तोड़ रही हैं। एक अनुमान के मुताबिक दुनियाभर में तकरीबन 6900 भाषाएं बोली जाती हैं। इनमें से 2500 से अधिक भाषाओं के अस्तित्व पर आज संकट है। और इन्हें भाषाओं की चिंताजनक स्थिति वाली भाषाओं की सूची' में रखने के लिए मजबूर होना पड़ा है। त्रासदी यह है कि विलुप्त हो रही भाषाओं को बचाने के प्रयास के बावजूद भी इन्हें बोलने और लिखने-पढने् वाले लोगों की संख्या लगातार कम हो रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा कराए गए एक तुलनात्मक अध्ययन से खुलासा हुआ है कि 2001 में विलुप्त प्राय-भाषाओं की संख्या जो 900 के आसपास थी वह बढ़कर तीन गुने से पार जा पहुंची है।

# आमजन को लगा भरोसे का टीका

**रमेश सर्राफ धमोरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें देश-विदेश से छोटे-बड़े सभी राजनेताओं के बधाई संदेश मिल रहे थे। पार्टी कार्यकर्ता देश के विभिन्न भागों में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे थे। इसी दौरान प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर एक ऐसा कार्यक्रम भी संपन्न हो रहा था। जिससे दुनिया भर में भारत का सम्मान तो बढ़ा ही साथ ही देशवासियों की सुरक्षा की दृष्टि से एक मील का पत्थर स्थापित हुआ। भारत के चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर एक दिन में ही दो करोड़ पचास लाख लोगों को कोरोना वैक्सीन की डोज लगाकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। इसके लिए देश के सभी चिकित्साकर्मी व टीकाकरण से जुड़े लोग बधाई के पात्र हैं।

किसी भी एक देश में दिन में ढ़ाई करोड़ से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। यह हमारे देश के चिकित्साकर्मियों के जोश, मेहनत व जज्बे के कारण ही संभव हो पाया है। दुनिया में बहुत से देशों की तो आबादी ही ढाई करोड़ से कम है। जबकि हमारे देश में एक दिन में ही ढाई करोड़ से अधिक कोरोना टीके की खुराक लगाई जा चुकी है। देश में कोरोना वैक्सीन का टीकाकरण बहुत तेजी से हो रहा है। देश में अब तक 18 वर्ष से अधिक आयु के 80 करोड़ से अधिक लोगों को कोरोना वैक्सीन की एक डोज लगाई जा चुकी है। जबकि करीबन 20 करोड लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। देश में प्रतिमाह 20 से 25 करोड़ कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा रही है। जिनका निर्माण हमारे देश में ही हो रहा है। आठ महीने के कम समय में देश में आधी से अधिक आबादी को कोरोना वैक्सीन की एक डोज लगने से देशवासियों का मनोबल बढ़ा है तथा खुद को कोरोना के संक्रमण से सुरक्षित समझने लगे हैं।

एक समय था जब देश में कोरोना वैक्सीन को लेकर बहुत मारा-मारी हो रही थी। वैक्सीन आवंटन को लेकर केन्द्र व राज्य सरकारों द्धारा एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे। कोरोना वैक्सीन केंद्रों पर उमड़ रही भारी भीड़ की फोटो समाचार पत्रों की सुर्खियां बन रही थी। केंद्र सरकार विरोधी दलों के निशाने पर थी। लोगों में टीकाकरण में होने वाली देरी को लेकर सरकार के प्रति रोष व्याप्त हो रहा था। इसके लिये केंद्र और राज्य सरकारी एक दूसरे को दोषी ठहरा रही थी। मगर आज स्थिति पूरी तरह बदली हुई है। देश में तेजी से टीकाकरण हो रहा है। साथ ही टीकाकरण का पूरा खर्च केंद्र सरकार वहन कर रही है। पूर्व में कुछ समय तक 18 से 44 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों के टीकाकरण की जिम्मेवारी केंद्र सरकार ने राज्यों पर डाल दी थी। जिसको लेकर केंद्र और राज्यों में टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इससे केंद्र सरकार की छिछलेदारी हो रही थी। हालांकि उस दौरान महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात सहित कई प्रदेश सरकारों ने अपने खर्चे से उक्त आयु वर्ग के लोगों का बड़ी संख्या में टीकाकरण भी करवाया था। फिर केंद्र व राज्य के मध्य इस बात पर सहमति बनी कि सभी को निशुल्क टीकाकरण केंद्र द्वारा करवाया जाएगा। तब से केन्द्र टीका लगवा रहा है।

21 जून विश्व योग दिवस से केंद्र सरकार ने 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को निशुल्क टीका लगाने का कार्यक्रम शुरू करवाया था जो आज बहुत तेजी से चल रहा है। उसके बाद से टीकाकरण को लेकर केंद्र व राज्य सरकारों के मध्य व्याप्त आपसी खींचातानी व बयान बाजी भी नहीं सुनने को मिल रही है। केंद्र द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम में देश की सभी राज्य सरकारें पूरी सक्रियता से जुटी हुई है। उसी का परिणाम है कि भारत में एक दिन में ढाई करोड़ से अधिक टीकाकरण संभव हो पाया है।



केंद्र सरकार का मानना है कि दिसम्बर 2021 तक देश के सभी व्यस्क 94 करोड़ आबादी को कोरोना वैक्सीन का टीका लगा दिया जाएगा। ताकि देश के लोग कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से सुरक्षित हो सके।

हमारे देश में जिस तेजी से टीकाकरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उससे लगता है कि हम तय समय से पहले ही टीकाकरण का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। वैज्ञानिक एंव औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ शेखर पांडे का मानना है कि देश में टीकाकरण अभियान सफल होने का सबसे प्रमुख कारण है कि सरकार ने समय रहते टीकाकरण अभियान की नीति बनाई। देश के वैज्ञानिकों ने टीके की खोज की और उसको बनाया। निजी कंपनियों ने अपने संयंत्रों में उनका बहुत तेजी से उत्पादन किया। सरकार ने व्यवस्थित तरीके से उसे आम व्यक्ति तक पहुंचाने की सुविधा उपलब्ध कराई। देशवासियों ने देश में निर्मित टीके पर विश्वास कर उसको लगवाया। देशवासियों ने बिना डर के देश में निर्मित कोरोना के टीके को लगवा कर कोरोना की लहर को रोकने की दिशा में बहुत बड़ा काम किया है। उसी का परिणाम है कि आज हम कोरोना महामारी को मात देकर सुरक्षा चक्र की ओर बढ़ रहे हैं।

इतना ही नहीं महाराष्ट्र के पुणे में स्थित सिरम इंस्टीट्यूट ने जहां देश में पहला कोविशील्ड टीके का निर्माण किया। वही हैदराबाद की भारत बायोटेक कंपनी ने स्वदेशी टीका कोवैक्सीन को बनाने में सफलता हासिल की। टीकाकरण में भारत देशवासियों की जरूरतों को तो पूरा कर ही रहा है। साथ ही अपने पड़ोसी देशों सहित दुनिया के अन्य कई देशों को भी कोरोना वैक्सीन के टीके उपलब्ध करवा रहा है। यह भारत का मानवीय पहलू है। अब तो देश में भारत बायोटेक सहित कई अन्य कम्पनियां 2 वर्ष से 18 वर्ष की आयु वर्ग के लिए भी टीके का निर्माण शुरू करने जा रही है। जिसके बाद देश की अधिकांश आबादी कोरोना वैक्सीन से सुरक्षित हो पाएगी।

कोरोना की दूसरी लहर से भारत में जनधन का बहुत अधिक नुकसान हुआ था। बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई। लोगों के काम धंधे पूरी तरह ठप हो गए। देशभर में ऑक्सीजन गैस की किल्लत महसूस की गई। उसके बाद केंद्र व राज्य सरकारे अपना चिकित्सकीय तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही हैं। देश के हर छोटे-बड़े अस्पतालों में गैस उत्पादन के संयंत्र लगाए जा रहे हैं। जीवन रक्षक दवाओं का तेजी से उत्पादन हो रहा है। इन्हीं सब के चलते देशवासी तीसरी लहर आने की संभावना से उतने आशंकित नजर नहीं आ रहे हैं जितना उन्होंने दूसरी लहर के दौरान डर को महसूस किया था। देश में तेजी से हो रहे टीकाकरण के कारण देश के आम आदमी का केंद्र व राज्य सरकारों पर भरोसा बढ़ा है। देशवासी खुद को सुरक्षित महसूस करने लगे हैं। अपने आत्म बल की ताकत पर देशवासी अब किसी भी स्थिति का मुकाबला करने में खुद को सक्षम महसूस करने लगे हैं। यह सब भरोसा तेजी से हो रहे टीकाकरण के कारण ही संभव हो पाया है। इसके लिए टीकाकरण से जुड़े सभी देशवासी बधाई के पात्र हैं।

## ध्वनि तंरगों से रोगें का उपचार

यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा की ध्वनि तंरगें से भी रोगों के उपाच होते है। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तंरगों की टकराहट से सुक्ष्म जीव मर जाते है, रात्री में सूर्य की पराबैगनी किरणां के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते है जो ध्वनि तरगों की टकराहट से मर जाते है। ध्वनि तरगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविधालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घण्टा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकिंड वायु शक्ति वेग से 1200फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते है। पूर्व में मंदिरों का निमार्ण गुम्वजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अन्दर की ध्वनि बाहर नही निकलती थी, बाहर की ध्वनि अन्दर प्रवेश नही करती थी। मन्दिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घण्टा, शंख होता था। यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घण्टा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठ कर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोंगों के ठीक होने की कामना करता वह ठीक हो जाता था। इसका बैज्ञानिक कारण घण्टा -शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तंरगें बाहर न जाकर गुम्वजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते रोग ठीक हो जाते। आज भी पुराने मंदिरों में यह होता है। इसलिये सीमित मात्रा में बोलना ठीक है। ध्वनि ज्यादा मात्रा में प्रदूषण का रूप ले लेती है, जो शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हानिकारक होती है। मौन रहने में ही सुख एवं सुख मय जीवन है।

## श्राद्ध पर विशेष ...संकट में भी कभी विचलित नही हुए थे मेरे माता पिता !

**डा0श्रीगोपालनारसन एडवोकट**

श्राद्ध वास्तव में श्रद्धा का प्रतीक है।वर्ष में श्राद्ध पक्ष का यह पखवाड़ा अपने उन पूर्वजों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है,जिन्हें हम जिंदगी की भागदौड़ और आगे बढ़ने की आपाधापी में विस्मृत कर देते है।यह अपने पूर्वजों के सद्गुणों और उनके बताए सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध होने का भी अवसर है।वास्तव में माता पिता चाहे किसी के भी हो उनके कदमों में स्वर्ग सी अनुभूति होती है।मुझे याद है जब कभी स्नेह वश मैं बालिग हो जाने के बाद भी मां की गोद मे सिर रखकर उनका दुलार पाता या फिर पिता का स्नेहशील हाथ मेरे सिर पर आ जाता था तो उस समय मैं स्वयं को सबसे भाग्यशाली व सुरक्षित महसूस करता था।लेकिन जब मेरे माता पिता इस दुनिया से चले गए तो मुझे लगा जैसे मुझ पर से किसी ने मेरा साया छीन लिया हो।तभी तो माता पिता के हमेशा के लिए चले जाने के बाद मेरे जीवन में उदासी व अवसाद इस कदर आया था जैसे मेरी दुनिया ही सुनी हो गई हो।दरअसल माता पिता के दिवगंत होने के बाद उनके कदमों की जन्नत ने मेरा साथ छोड दिया था। मुझे अब न मां की गोद में सिर रखकर मां के ममत्व की अनुभूति हो पा रही थी, न ही पिता के ममत्व भरे हाथ मेरे सिर को सहलाने के लिए अब बचे थे। माता पितां की देह से तो मैं हमेशा के लिए वंचित हो गया था परन्तु आत्म स्वरूप में माता पिता का अक्स आज भी मेरी आंखों में बसा हुआ है और लगता है कि वे मुझे कदम कदम पर सन्मार्ग दिखाते रहेंगे। आज भी लगता है कि जैसे वे मुझे जीवन की राह पर उगंली पकडकर ले जाना चाहते हो और मै भी माता पिता के अक्स और उनकी यादों के साथ उनके बताए मार्ग पर चल पडता हूं, जिस मार्ग पर ले चलने का उन्होने स्वपन बुना था। यानि माता पिता के आदर्शो पर चलने की प्रेरणा ही मेरी सफलता का कारण भी बनी है।मेरे लौकिक माता पिता के चले जाने के बाद मुझे परमात्मा शिव की रूहानी गोद प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग प्रशिक्षण के माध्यम से मिली है।उससे तो मेरे जीवन की दशा और



दिशा ही बदल गई। मेरे पिताजी मदन लाल शर्मा मेरी मां से तीन साल पहले 13 फ़रवरी 2009 में 82 वर्ष की आयु में चल बसे थे। 13 फरवरी को ही सन 2012 में मेरी मां श्रीमती प्रकाशवती ने महाप्रयाण किया था। मेरे पिताजी एक रहमदिल इंसान थे और उनमें मां जैसा ममत्व था।तभी तो मां जब पढने के लिए कहती या फिर पढाई न करने पर डांटती तो पिताजी मां के सामने ढाल बनकर खडे हो जाते और प्यार से कहते कोई बात नही, धीरे धीरे पढ लेगें । कई बार तो मां जब घर पर नही होती और हम भाई बहन रात में मां के निर्देश पर देर रात तक पढ रहे होते तो पिताजी हमें कहते थे बस, बहुत पढाई कर ली। अब सो जाओं। मां के बीमार होने या फिर मायके जाने पर भी पिताजी अपने हाथ से खाना बनाकर हमें खिलाते थे । पिताजी हमारे लिए पिता के साथ साथ दुसरी मां की तरह थे।वही मां जो अपने जीवन में कभी स्कूल नही गई थी ,हम भाईयों व बहन की पढाई को लेकर इतनी सजग थी कि बडे भाई श्याम मोहन शर्मा का पालिटेक्निक में एडमिशन कराने के लिए उन्होने अपने जेवर तक बेच दिये थे। वही हम भी पढे और अच्छे नम्बरो से पास हो,इसके लिए मां हर रोज देर रात तक हमे पढने के लिए न सिर्फ कहती बल्कि स्वयं भी रात भर हमारे पास बैठी रहती और देखती रहती कि हम पढ रहे है या नही । उस जमाने में टेलीविजन नये नये आए थे। हमारे गांव नारसन कलां में सिर्फ एक या दो टेलीविजन ही थे।टेलीविजन पर हर रविवार को फीचर फिल्म और हर बुधवार को चित्रहार टेलीविजन का प्रमुख आकर्षण था। हमारी भी इच्छा होती कि हम फिल्म और चित्रहार देखे परन्तु मां पढाई के कारण इसकी अनुमति नही देती थी। कई बार हमे बुरा भी लगता परन्तु जब हमारा रिजल्ट आता और हम पास होते तो सब लोग बोलते कि पास हम नही, हमारी मां हुई है। लोगो की यह बात सोलह आने सच भी थी क्योकि मां का अपने बच्चो की पढाई के प्रति इस जुजून के कारण हम सफ़ल हो सके।मेरे माता पिता ने गरीबी के दिनों में भी कभी होंसला नही खोया और मां ने पिताजी का साथ निभाने के लिए सन 1965 में अनपढ होते हुए भी सिलाई व कढाई में डिप्लोमा किया।

## बलात्कार की घटनाओं पर अंकुश लगाना जरुरी / नैतिक मूल्यों द्वारा अपराध पर नियंत्रण

**सूडोकु नवताल-5844** (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5843 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

**डॉ. शंकर सुवन सिंह**

हिंदुस्तान की संस्कृति ऋग्वेद जितनी पुरानी है। ऋग्वेद की रचना ईसा मसीह के जन्म लेने के 2500 वर्ष पूर्व की है। सफल जीवन के चार सूत्र हैं-जिज्ञासा,धैर्य,नेतृत्व की क्षमता और एकाग्रता। जिज्ञासा का मतलब जानने की इक्षा। धैर्य का मतलब विषम परिस्थितयों में अपने को सम्हाले रहना। नेतृत्व की क्षमता का मतलब जनसमूह को अपने कार्यो से आकर्षित करना। एकाग्रता (एक+अग्रता)का अर्थ है एक ही चीज पर ध्यान केन्द्रित करना। यही चारो सूत्र आपके ज्ञान को विशेष स्वरूप प्रदान करता है। ज्ञान,शान्ति का प्रतीक है। अज्ञानता,अशांति का प्रतीक है। विश्व में शान्ति वही कायम कर सकता है,जो ज्ञानी है। अज्ञानी तो अशांति का कारक होता है। बलात्कारी अज्ञानी होते हैं। अज्ञानता ही सारे अपराधों की जननी है। ज्ञान संस्कारों



की जननी है। किसी भी देश की संस्कृति व संस्कार,उस देश में शान्ति को स्थापित करने में अहम् भूमिका निभाती है। भारत जैसे देश को अपनी वैदिक संस्कृति व सभ्यता में लौटना होगा तभी इस देश में शान्ति कायम हो सकती है। सत्य, अहिंसा विरोधी रथ पर सवार हो सत्ता के चरम शिखर पर पहुँचने वाले सुधारकों की मनोदशा ठीक नहीं है। सुधारकों की प्रवृत्ति ठीक होती तो देश में सत्य,अहिंसा का प्रवाह होता। बलात्कार, भारत में महिलाओं के खिलाफ चौथा सबसे आम अपराध है। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के मुताबिक साल 2019 में भारत में करीब 32 हजार रेप के मामले दर्ज हुए थे। देश के हर राज्य से ऐसी घटनाएं आए दिन हो रही हैं। इस प्रकार की घटनाएं समाज के बदलते स्वरुप,नेताओं के कोरे वादे और इंसानियत के साथ खिलवाड़ का वीभत्स रूप दर्शाती है। सरकार को हायर एजुकेशन,प्राइमरी एजुकेशन,मिडिल एजुकेशन सिस्टम में नैतिक शिक्षा के विषय का प्रावधान करना चाहिए। भारत सरकार को प्रत्येक जिले के बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन,टैक्सी स्टैंड,टोल प्लाजा,हाई वे आदि मुख्य जगहों पर नैतिक मूल्यों से सम्बंधित कोटेशन के बैनर और पोस्टर लगवाने चाहिए। समाज वहशीपन का शिकार हो रहा है। समाज में असहिष्णुता का विकास हो रहा है। समाज में बढ़ती बेरोजगारी,अशिक्षा,नैतिक मूल्यों का पतन आदि बुराइयां ही दरिंदगी और वहशीपन का कारण हैं।

## मध्य प्रदेश में एम् बी बी एस छात्रों कोआर. एस. एस., चरक, सुश्रुत को पढ़या जाना उचित हैं

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

जब तक हम अपने इतिहास को नहीं जानेंगे तब तक हमारे विकास के द्वार बंद रहते हैं। यह बात हर क्षेत्र में लागू होती हैं और यदि हम शोधार्थी हैं तो हमें पूर्व में क्या क्या हो चुका उसके बाद में ही हम नयी बात खोजेंगे। आज का छात्र सुचना तंत्र के माध्यम से जानकार जरूर हो गया पर उसे ज्ञान नहीं हैं। ज्ञान और सुचना में मात्र इतना अंत हैं जैसे हम भोजन करते हैं और उसके बाद जो पाचन होता हैं वह हमारे शरीर के लिए फलीभूत होता हैं और यदि वह भोजन अपचित हो जाय तो वह ग्रहण किया गया अन्न अर्थहीन हो जाता हैं। अधिकांश लोग इतिहास से अनभिज्ञ हैं, इतिहास का आशय मात्र पुराने समय की राजनैतिक बातें न होकर हर विषय का इतिहास जानना जरुरी हैं, यानि स्वास्थ्य, धर्म राजनीति, राजा महाराजों आदि के बारे में जानकारी होना अनिवार्य हैं जो हमारी नींव का काम करती हैं और हमारी नींव जितनी मजबूत होगी हमारा भवन उतना उत्तंग और शक्तिशाली होगा। सरकार ने यह बात को मेडिकल कॉलेज में लागु किया हैं ऐसे सभी विषयों में कोर्स में लागू करना चाहिए जो जिनकी विधाएँ हो। हमने महापुरुषों, वीर पुरुषों, आदि की जानकारी नहीं प्राप्त करने पर हम अपने गौरवपूर्ण इतिहास से अनजान हैं। चिकित्सा क्षेत्र में आचार्य चरक और महर्षि सुश्रुत आदि अनेक विद्वानों ने चिकित्सा क्षेत्र, शल्य चिकित्सा, शलयानकय तंत्र कौमार्य प्रसूति तंत्र आदि में बहुत जानकारियां दी हैं जो वर्त्तमान में भी कारगर हैं और रहेंगी। आयुर्वेद अष्टांग हैं जो सम्पूर्ण चिकित्सा से परिपूर्ण हैं। आयुर्वेद के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत आज भी उपयोगी हैं। इसके अलावा अन्य राजनैतिक महापुरुषों,

## वाशिंगटन में मोदी की उपलब्धियाँ

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका-यात्रा के दौरान चार प्रमुख घटनाएँ हुई हैं। संयुक्तराष्ट्र महासभा में अभी उनका भाषण होना है। सबसे पहले उन्हें मेरी बधाई कि उन्होंने अपना भाषण हिंदी में दिया। वाशिंगटन में वे पहले अमेरिका की पाँच बड़ी तकनीकी कंपनियों के मुख्य कर्त्ता-धर्ताओं से मिले। चीन से मोहभंग होने के बाद भारत ही उनका आश्रय-स्थल बनेगा, यह अब निश्चित है। उनके भारत-आगमन से तकनीकी क्षेत्र में भारत के चीन से भी आगे निकलने की संभावनाएँ बढ़ जाएँगी। मोदी की इस यात्रा में वे चौगुटे याने 'क्वाड' के नेताओं से व्यक्तिगत मिले। यह भेंट इसलिए भी जरुरी थी कि अमेरिका ने जो नया त्रिगुट बनाया है, जिसमें भारत और जापान को छोड़कर सिर्फ ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया को सम्मिलित किया गया है, उसके कारण चौगुटे के प्रभाहीन होने की अफवाहें फैल रही थीं। उनका निराकरण चारों नेताओं की इस भेंट के दौरान दिखाने की पूरी कोशिश हुई है। चौगुटे की संयुक्त बैठक में भी उसके असामरिक और खुले होने पर जोर दिया गया। मोदी की इस यात्रा में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उप-राष्ट्रपति से जो व्यक्तिगत भेंट हुई है, वह अपने आप में असाधारण है। भारत-अमेरिकी संबंधों में यह पहला अवसर है कि जबकि अमेरिका के दो सर्वोच्च पदों पर आसीन नेताओं का भारत से सीधा संबंध रहा है। मोदी अपने साथ भारत में पैदा हुए पांच बाइडनों के परिचय-पत्र ले गए थे। बाइडन जब स्वयं कुछ वर्ष पहले भारत आए थे, तब उन्होंने मुंबई में बाइडन परिवारों की खोज की थी और कमला हैरिस तो भारतीय मूल की हैं ही। बाइडन ने भारत-अमेरिकी सहयोग पर इस तरह बल दिया, जैसे अपने किसी गठबंधन के देश के लिए दिया जाता है। उन्होंने गांधी के आदर्शों पर चलने की बात भी कही। कमला हैरिस ने भारत के पड़ौसी देश की आतंकवाद समर्थक गतिविधियों पर भी प्रहार किया। अफगानिस्तान पर भी दो-टूक रवैया दोनों पक्षों ने अपनाया। जो कमला हैरिस पहले कश्मीर और पड़ौसी शरणार्थियों के कानून को लेकर भारत पर बरसती रहती थीं, उन्होंने इन मुद्दों को उठाया ही नहीं। भारत की दृष्टि से जो चौथी घटना इस दौरान हुई, वह है पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का स.रा. महासभा में भाषण। उनका भाषण लगभग पूरी तरह भारत-विरोध पर केंद्रित रहा। उन्होंने कश्मीर का मुद्दा भी जमकर उठाया। लेकिन उन्होंने बेनजीर भुट्टो की तरह संयुक्तराष्ट्र का 1948 का कश्मीर प्रस्ताव शायद पढ़ा तक नहीं है। प्रधानमंत्री बेनजीर से मैंने अपनी पहली भेंट में ही कहा था कि उस प्रस्ताव में पाकिस्तान को निर्देश दिया गया था कि सबसे पहले वह अपने कब्जाए हुए कश्मीर को अपने फौजियों और कारकूनों से खाली करे।

# भाग्य लक्ष्मी में ग्रे किरदार निभाने के लिए उत्साहित हैं मायरा मिश्रा



अपनी साझेदारी में कई सफल शोज़ देने के बाद ज़ी टीवी और बालाजी टेलीफिल्म्स ने हाल ही में दर्शकों के लिए जिंदगी, प्यार, कर्म और भाग्य की एक और दिलचस्प कहानी 'भाग्य लक्ष्मी'शुरू की है. मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित ज़ी टीवी का 'भाग्य लक्ष्मी', लक्ष्मी नाम की एक निस्वार्थ लड़की की कहानी है, जिसके पास सीमित साधन हैं, लेकिन अपनी जिंदगी के संघर्षों के बावजूद, वो हमेशा अपनी जरूरतों से पहले दूसरों की जरूरतों का ख्याल रखती है. इस शो ने पहले ही अपनी दिलचस्प कहानी और अपने से लगने वाले किरदारों के साथ दर्शकों का दिल जीत लिया है, लेकिन अब लगता है इस शो में एक बड़े खुलासे के साथ जबरदस्त ड्रामा होने वाला है. जल्द ही शो में ऋषि की असली प्रेमिका मलिष्का की एंट्री होने वाली है, जिसका रोल पॉपुलर एक्ट्रेस मायरा मिश्रा निभाने वाली हैं. आपको बता दें, मायरा शेखर सुमन के बेटे अध्ययन सुमन की गर्लफ्रेंड रह चुकी हैं. हाल ही में उनका ब्रेकअप हुआ है. मायरा इसमें मलिष्का सिंह बेदी का रोल निभा रही हैं, जो एक बड़े मैगज़ीन पब्लिशर की बेटी है. पहले के एपिसोड्स में सभी को लगा था कि वो ऋषि की सिर्फ दोस्त है, लेकिन अब एक बड़े खुलासे का वक्त है. दरअसल, मलिष्का ही वो लड़की है, जिससे ऋषि प्यार करता है. हालांकि मलिष्का अपनी अकड़ में रहती हैं और वह ऋषि को अपने कंट्रोल में रखना चाहती है. वो ऋषि पर अपनी मनमानी चलाना चाहती हैं.आने वाले एपिसोड में मलिष्का का यह बर्ताव देखने लायक होगा, क्योंकि वो ऋषि को पाने के लिए किसी भी हद तक चली जाएंगी. इस सच के सामने आते ही ओबेरॉय परिवार के बहुत से राज भी बाहर आएंगे.

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए मायरा ने कहा, ''जब मुझे भाग्य लक्ष्मी में यह रोल ऑफर किया गया, तब मैं बहुत उत्साहित हुई, खासतौर से इसलिए, क्योंकि यह बालाजी का शो है और ज़ी टीवी पर दिखाया जा रहा है. ये मेरी जिंदगी के सबसे अनपेक्षित कॉल्स में से एक था, क्योंकि मैं बस मुंबई आने के लिए अपना सामान बांध रही थी और तभी मुझे 'भाग्य लक्ष्मी' की टीम से कॉल आया. मुझे बताया गया कि मुझे इस रोल के लिए चुन लिया गया है. 'गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा' के बाद यह ज़ी टीवी के साथ मेरा दूसरा शो है और मैं इस शो में ग्रे किरदार निभाने को लेकर उत्साहित हूं. मुझे लगता है कि ग्रे किरदार मुझे अपनी एक्टिंग स्किल्स आजमाने का बढ़िया मौका देते हैं. मायरा आगे कहती हैं कि असल में दर्शकों को अब इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई नेगेटिव किरदार निभा रहा है या पॉजिटिव. वो अब किसी को भी एक सांचे में नहीं ढालते. वो सिर्फ ये देखना चाहते हैं कि एक एक्टर किसी शो में क्या प्रस्तुत करता है. इससे मुझे किसी भी रोल में अपना टैलेंट दिखाने में आसानी होती है. मैं मलिष्का के किरदार में भी अपनी अभिनय कुशलता दिखाने के लिए उत्साहित हूं. सच कहूं तो मैं मलिष्का की तरह बिल्कुल नहीं हूं. तो यह अपने आपमें एक चैलेंज है.''

## विद्या बालन और प्रतीक गांधी फिल्म लवर्स में साथ आएंगे नजर



विद्या बालन बॉलीवुड की दिलकश अभिनेत्री हैं। अपने अंदाज और अदा से वह लाखों प्रशंसकों को प्रभावित करने में कामयाब रही हैं। उन्हें आखिरी बार हाल में रिलीज हुई फिल्म शेरनी में देखा गया था।अब जानकारी सामने आ रही है कि उन्होंने एक नए प्रोजेक्ट को साइन किया है। खबरों की मानें तो विद्या फिल्म लवर्स में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी फेम प्रतीक गांधी भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, विद्या और प्रतीक आने वाले दिनों में आगामी फिल्म लवर्स में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। एक सूत्र ने कहा, हालांकि, डेट्स को अभी भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देने वाली इस फिल्म को मुंबई और तमिलनाडु के खूबसूरत हिल स्टेशन कुन्नूर में बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी। फिल्म लवर्स को एक विज्ञापन फिल्म निर्माता शीर्ष गुहा ठाकुरता द्वारा निर्देशित किया जाएगा। एलिप्सिस एंटरटेनमेंट के सौजन्य से इस फिल्म का निर्माण किया जाएगा। अभी फिल्म की कहानी से संबंधित जानकारियों को साझा नहीं किया गया है। यह पहली बार होगा जब विद्या और प्रतीक ने किसी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। अब देखना है कि यह फ्रेश जोड़ी पर्दे पर किस तरह का कमाल कर पाती है। विद्या के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अपनी फिल्म जलसा को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री शेफाली शाह भी नजर आएंगी।

# बिग बॉस 15 में भाग लेने के लिए तेजस्वी प्रकाश ने छोड़ा जी कॉमेडी शो?




बिग बॉस ओटीटी का पहला सीजन शनिवार को समाप्त हुआ है। दिव्या अग्रवाल ने बिग बॉस ओटीटी का खिताब अपने नाम किया है। उन्हें ट्रॉफी के साथ 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया है। अब दर्शकों को टीवी पर आने वाले सलमान खान के शो बिग बॉस 15 का इंतजार है। खबरों की मानें तो टीवी अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश ने बिग बॉस 15 में भाग लेने के लिए जी कॉमेडी शो को छोड़ दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तेजस्वी ने बिग बॉस 15 का हिस्सा बनने के लिए जी कॉमेडी शो से नाता तोड़ लिया है। एक सूत्र ने कहा, तेजस्वी पिछले तीन हफ्तों से कॉमेडी शो की शूटिंग नहीं कर रही हैं। वह अब बिग बॉस 15 के घर में जाने की योजना बना रही हैं। यह शो अगले महीने से प्रसारित होगा। हालांकि, तेजस्वी ने अभी तक इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

यह पहली बार नहीं है जब तेजस्वी किसी रियलिटी शो में हिस्सा लेंगी। अभिनेत्री तेजस्वी को पहले खतरों के खिलाड़ी 10 में एक प्रतियोगी के रूप में देखा गया था। इस शो में उन्होंने अपने अंदाज से दर्शकों को प्रभावित किया था। तेजस्वी की लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें बिग बॉस 14 में भाग लेने के लिए भी संपर्क किया गया था। रिपोर्ट की मानें तो उन्होंने उस वक्त शो के लिए अपनी सहमति नहीं जताई थी। तेजस्वी एक लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री हैं। उन्होंने स्वरगिनी, पहरेदार पिया की, कर्ण संगिनी, और सिलसिला बदलते रिश्तों का जैसे टीवी शोज में काम किया है। वूट पर शो का सफर काफी रोमांचकारी रहा। शो के फिनाले में शमिता शेट्टी, निशांत भट, प्रतीक सहजपाल और राकेश बापट ने भी जगह बनाई थी। निशांत भट्ट फर्स्ट रनरअप रहे तो शमिता शेट्टी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# विद्युत जामवाल के फैंस के लिए खुशखबरी, इस ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म 'सनक'



विपुल अमृतलाल शाह और ज़ी स्टूडियोज की फिल्म 'सनक-होप अंडर सीज' भारत के सबसे बड़े प्रीमियम ओटीटी प्लेटफॉर्म में से एक पर रिलीज होने वाली बॉलीवुड फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है. कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित विद्युत जामवाल और बंगाली अभिनेत्री रुक्मिणी मैत्रा की फिल्म जल्द ही डिज्नी+ हॉटस्टार मल्टीप्लेक्स पर स्ट्रीम होगी. इस घोषणा के साथ निर्माताओं ने एक नया पोस्टर भी लॉन्च किया है जिसमें विद्युत हाथों में बंदूक पकड़ कर मिशन के लिए तैयार नजर आ रहे हैं. विद्युत फिल्म में सेंट्रल किरदार निभा रहे हैं. वहीं वह अपने करियर में पांचवीं बार विपुल शाह के साथ फिल्म कर रहे हैं. कुछ महीने पहले लॉन्च हुए 'सनक' के दिलचस्प पोस्टर ने दर्शकों का दिल जीत लिया है और अब नए पोस्टर ने दर्शकों को वास्तव में जिज्ञासु कर दिया है क्योंकि वे इसके बाद आने वाले रोमांच और ट्विस्ट का इंतजार कर रहे हैं. विद्युत जामवाल, चंदन रॉय सान्याल, नेहा धूपिया और रुक्मिणी मैत्रा (जो बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं) अभिनीत, 'सनक-होप अंडर सीज' को ज़ी स्टूडियोज द्वारा सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है. यह विपुल अमृतलाल शाह प्रोडक्शन की फ़िल्म है जो कनिष्क वर्मा द्वारा निर्देशित है. जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की जाएगी. विद्युत जामवाल ने हाल ही में नंदिता मेहतानी से सगाई की है. उनके सगाई करने के अंदाज पर भी पूरी मीडिया में खबरें हुईं क्योंकि भारत में मार्शल आर्ट्स के किंग के रूप में मशहूर विद्युत जामवाल ने अनोखे अंदाज में नंदिता को सगाई की अंगूठी पहनाई थी।

## रानी मुखर्जी ने पूरी की फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की एस्टोनिया शेड्यूल की शूटिंग




बॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने अपनी आगामी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की एस्टोनिया शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली हैं। शूटिंग के एक महीने बाद फिल्म निर्माताओं ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर एस्टोनिया शेड्यूल की शूटिंग समाप्त हो जाने की जानकारी साझा की। एस्टोनिया में फिल्म की शूटिंग कॉविड 19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखकर की गई हैं। अभिनेत्री रानी मुखर्जी और फिल्म की टीम ने बायो बबल में फिल्म की शूटिंग पूरी की हैं। बहरहाल फिल्म की बाकी शूटिंग भारत में ही की जायेगी। बता दें कि फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की कहानी एक मां बनाम देश पर आधारित हैं, जिसमें रानी एक मां के रुप में पूरे देश से दो- दो हाथ करती हुई नजर आयेंगी। फिल्म को आशिमा चिब्बर द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।मोनिशा आडवाणी, मधु भोजवानी और निखिल आडवाणी द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जा रहा हैं। बता दें कि रानी मुखर्जी आखिरी बार फिल्म मर्दानी 2 में मुख्य किरदार निभाते हुई नजर आयी थीं।

# परफ्यूम लगाते समय भूलकर भी न करें ये चार गलतियां, हो सकती है परेशानी



हम नहाने के बाद परफ्यूम का इस्तेमाल तो करते ही हैं। बस अंतर ये है कि कुछ लोग कुछ खास मौकों (शादी और पार्टी) पर इसका इस्तेमाल करते हैं, तो कुछ लोग हर दिन परफ्यूम लगाते हैं क्योंकि उन्हें ऐसा करना पसंद होता है। परफ्यूम का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है कि ताकि शरीर में पसीने की वजह से आने वाली बदबू को रोका जा सके और एक अच्छी खूशबू उनके शरीर से आए। इसके अलावा ये व्यक्ति के मूड को भी अच्छा रखने में मदद करता है। इसके लिए लोग कई अलग-अलग ब्रांड के परफ्यूम इस्तेमाल करते हैं, लेकिन कई लोग परफ्यूम खरीदते समय कई बार ऐसा परफ्यूम खरीद लेते हैं, जो उनको कई तरह की दिक्कतें, जैसें- शरीर में रैशेज और जलन जैसी दिक्कतें देता है। ऐसे मे ये समझना जरूरी है कि परफ्यूम लगाते समय किन बातों को नजरअदाज नहीं करना चाहिए, नहीं तो हो सकता है कि इससे आपकी दिक्कतें और बढ़ जाएं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में। कपड़ों पर परफ्यूम न लगाएं कई लोगों को देखा जाता है कि वे अपने कपड़ों पर परफ्यूम लगाते हैं। ऐसा करना गलत है इससे आपके कपड़ों पर दाग या निशान पड़ जाते हैं। साथ ही गर्मी और पसीने की वजह से परफ्यूम जल्दी उड़ जाता है। इसलिए परफ्यूम को कपड़ों पर नहीं अपने शरीर पर लगाएं। परफ्यूम को पूरे शरीर पर स्प्रे करना कई लोग परफ्यूम का स्प्रे पूरे शरीर पर करते हैं। इससे एक तो ये जल्दी उड़ जाता है और दूसरा परफ्यूम ज्यादा बर्बाद होता है। इसलिए पूरे शरीर की जगह पर इसे गर्दन के पीछे, कलाई पर, घुटने और कोहनी के अंदरूनी भाग पर लगाएं। इससे आपको फायदा मिलेगा। परफ्यूम को रगड़े न कई लोग अपनी कलाई या अपने शरीर पर परफ्यूम लगाने के बाद उसे रगड़ते हैं, जो कि गलत है। इससे दो दिक्कतें हो सकती हैं। पहली इससे परफ्यूम के केमिरल में बदलाव होता है जिसकी वजह से शरीर से ये जल्दी उड़ जाता है।

# शिशु के लिए दूध की बोतल खरीदने वाले हैं तो इन बातों का रखें खास ध्यान



दूध की बोतल शिशु के लिए एक जरूरी प्रोडक्ट है, जो सीधा ही उसकी सेहत से जुड़ा होता है। इसलिए अगर आप इसे खरीदते समय एक छोटी सी भी गलती करते हैं तो इसका हर्जाना आपके बच्चे को उठाना पड़ सकता है। हो सकता है कि आपको दूध की बोतल को खरीदना एक बेहद ही आसान काम लगता हो, लेकिन वास्तव में आपको कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। आइए उन्हीं बातों के बारे में जानते हैं।

### बोतल के प्रकार पर दें ध्यान

आजकल बाजार में शिशु के लिए कई तरह की दूध की बोतल मौजूद हैं, जिनकी अपनी-अपनी विशेषताएं हैं। उदाहरण के लिए कांच की दूध की बोतल काफी अच्छी होती है क्योंकि इसे साफ करना और बैक्टीरिया फ्री रखना आसान होता है, लेकिन इसका इस्तेमाल करते समय थोड़ी सावधानी बरतें क्योंकि इसके टूटने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा, इन दिनों रीयूजेबल प्लास्टिक की बोतल भी मिलती हैं, लेकिन यह आपके लिए थोड़े महंगे साबित हो सकती हैं।

### मल्टीपर्पस होनी चाहिए दूध की बोतल

अगर आप अपने शिशु के लिए दूध की बोतल खरीद रहे हैं तो कोशिश करें कि उसका आकार और साइज कुछ ऐसा हो, जिसे आप लंबे समय तक इस्तेमाल कर सकें। मसलन, इन दिनों ऐसी बोतल मार्केट में मौजूद है, जिसके दोनों साइड पर शिशु के पकड़ने के लिए हैंडल होते हैं। इससे शिशु की ग्रिप काफी अच्छी बनती है। इसके साथ ही साथ जैसे-जैसे शिशु बड़ा होता है, आप इसे बतौर सिपर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### साफ करना हो आसान

शिशु की दूध की बोतल का सही तरह से साफ होना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि बैक्टीरिया फ्री बोतल आपके शिशु को हेल्दी बनाए रखने में मददगार है। इसलिए जब भी आप शिशु के लिए बोतल खरीदें तो कोशिश करें कि वह ऐसी हो, जिसका मुंह ऊपर से चौड़ा हो। इससे आपके लिए उसे साफ करना अधिक आसान होगा और बोतल के किसी भी हिस्से में बैक्टीरिया जमा नहीं होंगे।

### इस तरह की होनी चाहिए बोतल की निप्पल

जब आप शिशु के लिए बोतल खरीदें तो उसके साथ निप्पल पर भी ध्यान दें। बेहतर होगा कि आप उसी ब्रांड का निप्पल चुनें, जिस ब्रांड की आपकी बोतल हो क्योंकि यह एकदम फिट बैठते हैं और किसी भी तरह की लीकेज होने की संभावना काफी कम हो जाती है। बाजार में आपको लेटेक्स या सिलिकॉन के निप्पल मिलेंगे, जिनकी अपनी खासियतें हैं। ऐसे में आप अच्छी गुणवत्ता वाली ही निप्पल को चुनें।

## किआरा आडवाणी के साथ जल्द शादी करेंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा? ऐक्टर ने बताया प्लान



पिछले काफी वक्त से सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की डेटिंग की खबरें हैं। कहा जाता रहा है कि दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई मौकों पर सिद्धार्थ और कियारा को साथ में स्पॉट भी किया गया। वहीं हाल ही रिलीज 'शेरशाह' के बाद सिद्धार्थ और कियारा की जोड़ी को लेकर फैन्स और भी ऐक्साइटेड हो गए हैं। वो जानने को बेचैन हैं कि आखिर दोनों कब शादी करेंगे। बता दें कि फिल्म 'शेरशाह' में जहां सिद्धार्थ मल्होत्रा ने करगिल युद्ध के हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा का रोल प्ले किया था, वहीं कियारा, विक्रम बत्रा की गर्लफ्रेंड डिंपल चीमा के रोल में नजर आई। हाल ही सिद्धार्थ ने अपनी शादी की प्लानिंग के बारे में बात की और कियारा संग 7 फेरे लेने के सवाल पर भी चुप्पी तोड़ी। जब सिद्धार्थ मल्होत्रा से पूछा गया कि वह शादी कब रहे हैं? तो ऐक्टर ने कहा, 'मुझे नहीं पता (मैं कब शादी करूंगा)..मैं कोई ज्योतिषी या ऐसा कुछ नहीं। शादी कब करेंगे से ज्यादा यह मायने रखता है कि शादी किससे होगी।

# राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कांग्रेस के आंदोलन को बताया नौटंकी

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

(किसान के साथ धोखा करने वाली कांग्रेस आंदोलन के माध्यम से जनता को झूठा भ्रमित करने का प्रयास कर रही है शिवराज सरकार ने किए अनेकों विकास के कार्य ~भदौरिया)

**भिण्ड ।** भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर एवं प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवाज राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने संयुक्त रूप से कहा कि कांग्रेस अपने आंदोलन के माध्यम से जनता को झूठा भ्रमित करने का प्रयास कर रही है उनका यह आंदोलन नाटक और नौटंकी है जब कांग्रेस सत्ता में थी राहुल गांधी ने मंदसौर सभा में 10 दिन में किसानों के कर्जे माफ करने की बात कही थी कि कांग्रेस सत्ता में आई तो 10 दिन में हम किसानों के कर्जे सभी माफ करेंगे लेकिन मैं पूछना चाहता हूं और कांग्रेस के लोगों से जो वल्लभ भवन में बैठकर सत्ता का नेतृत्व कर रहे थे क्या उन्होंने 10 दिन में कर्जा माफ करा पाए मात्र दिग्विजय सिंह के चेहरे देखकर सत्ता को जलाकर संपूर्ण मंत्रालय को भ्रष्टाचार और लूट का अड्डा बना दिया था और जब श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने कहा आपकी सरकार विकास के मुद्दों को लेकर बनी है यह सब बंद करिए तो हमारे नेता को उन्होंने कोई तवज्जो नहीं दी साथ ही सर कमलनाथ की सरकार सड़कों पर आ गई तो कांग्रेस के नेताओं के पेट में दर्द चालू हो गया उनकी लूट बंद हो गई और विकासशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी और पूरे मध्यप्रदेश को गरीब मजदूर किसानों के विकास की योजनाएं बनाकर उन तक पहुंचाने का काम किया 7 कांग्रेस का यह नाटक जनता को



भ्रमित करने वाला है उन्होंने कहा कि आप सभी लोग इन कांग्रेस के नेताओं के बहकावे में नहीं आना मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह नेतृत्व सरकार कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है ।

नगरीय प्रशासन आवाज राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कांग्रेस के भारत बंद पर पलटवार करते हुए कहा कहा कि नीमच में हुई घटना दर्दनाक है और इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम ही होगी। लेकिन इससे भी ज्यादा निंदनीय प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ का रवैया है, जो मानवीय पहलू को नजरअंदाज करते हुए इस घटना पर तो राजनीति कर रहे हैं, लेकिन दतिया की घटना को लेकर चुप्पी साध रखी है जहां पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे ने अल्पसंख्यक वर्ग के एक व्यक्ति की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी है।

राज्यमंत्री भदौरिया एवं पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कांग्रेस द्वारा किए जा रहे आंदोलन पर पलटवार करते हुए कहा कि नीमच में हुई घटना की भारतीय जनता पार्टी कड़ी निंदा करती है और प्रदेश की सरकार इस घटना के आरोपियों पर कार्रवाई के लिए दृढ़ संकल्पित है। घटना के कुछ घंटों के अंदर ही इस घटना के मुख्य आरोपी का अवैध निर्माण जमींदोज कर दिया गया है, वहीं कुछ आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि चाहे नीमच की घटना के आरोपी हों या दतिया की घटना के आरोपी प्रदेश सरकार किसी को नहीं बख्शेगी और सभी को कानून के दायरे में लाने तथा कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। राज्यमंत्री भदौरिया ने इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता कमलनाथ के रवैये को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि कांग्रेस को हर घटना पर राजनीति करने समाज के विभिन्न वर्गों में दरार पैदा करने और लोगों को भ्रमित करने की आदत पड़ चुकी है। राज्यमंत्री भदौरिया ने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया पर शोर मचाने वाले कांग्रेस के कमलनाथ और दिग्विजयसिंह जैसे नेता दतिया की घटना पर क्यों चुप हैं? उन्होंने कहा कि दतिया में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे ने अल्पसंख्यक वर्ग के शहजाद खान के पहले पैरों में गोली मारी, फिर लाठियों से पीटा और फिर पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। लेकिन इस निर्मम और बर्बर घटना पर कमलनाथ और दिग्विजयसिंह समेत कांग्रेस के किसी नेता ने इस बारे में एक शब्द भी बोलना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के इस दोहरे रवैये से उनका चरित्र उजागर हो गया है और प्रदेश की जनता अब उनके बहकावे में नहीं आने वाली।राज्यमंत्री भदौरिया भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि दतिया जिले के कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष के बेटे ने अल्पसंख्यक समाज के व्यक्ति की हत्या कर पूरे समाज को कलंकित करने का काम किया अभी तक कांग्रेस अपने को अल्पसंख्यक समाज की हितेषी मानती रही यही कांग्रेस अब लोकतंत्र में अपराधिक घटनाओं को इस आरक्षण देकर शांति सद्भावना के माहौल को बिगड़ने का काम कर रहे हैं।

## वन-टू-वन

### पंडित दीनदयाल उपाध्यजी के जन्मदिवस पर घाटीगांव मंडल ने पुष्प अर्पित करके उनको याद किया।



ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर**-घाटीगांव मंडल ग्राम केंद्र में राई का पुरा पर एकात्म मानव दर्शन एवं अंत्योदय के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी, महान विचारक और हमारे पथ प्रदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारो पर प्रकाश डाला उनका जो सपना था अंतिम छोर पर खड़े वंचित शोषित पिछड़े अशिक्षित व्यक्ति का भी विकास हो उनको भी मुख्यधारा में जुड़ने का मौका मिले भारतीय जनता पार्टी एक विचार है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री उसी विचार को लेकर आज पूरे देश प्रदेश में काम कर रही है जिसमें भा जा पा के वरिष्ठ नेता पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त आदरणीय श्री सीताराम बाथम, जी मंडल के महामंत्री, मंडल के प्रभारी श्री विनोद बघेल, श्रीचंद्रभान राठौड़ जी, महेंद्र रावत जी मुकेश घनघोरिया सूरज आदिवासी राम प्रसाद आदिवासी नंदकिशोर आदिवासी सुनील आदिवासी मेरी मातृशक्ति एकत्रित हुए ऐसे राष्ट्र विचारक को मेरा कोटि-कोटि प्रणाम शत-शत नमन।

### ग्राम पंचायत सेमरी में आयोजित किया स्वच्छता संवाद और निकाली जन जागरूकता रैली




राकेश परिहार रिपोर्टर
पुष्पांजली टुडे

**पिछोर ।** जनपद पंचायत पिछोर की ग्राम पंचायत सेमरी मैं अमृत महोत्सव के रूप में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता संवाद एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें जनपद पंचायत पिछोर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुष्पेंद्र व्यास एवं जिला स्वच्छता समन्यक अधिकारी सत्यमूर्ति पांडे ने ग्राम पंचायत सेमरी के प्रधान बृजेंद्र योगी तथा सचिव अजब सिंह लोधी प्रेरक रामकुमार तिवारी सहित गांव वालों के सहयोग से स्वच्छता रैली निकाली तथा गांव को पूर्ण स्वच्छ रखने एवं पंचायत को पॉलिथीन मुक्त पंचायत बनाने के लिए उपस्थित लोगों को हाथ उठाकर संकल्प दिलाया इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मौ के सभी बुथों पर मनाई गयी पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,
पुष्पांजली टुडे

**गोहद-मौ।** भाजपा मंडल महामंत्री राजू मिश्रा से प्राप्त जानकारी अनुसार सेवा समर्पण के रूप में आज दिनांक 25/9/2021 को भारतीय जनता पार्टी मौ मंडल के समस्त बूथों पर पंडित दिनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर मौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हॉस्पिटल में मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें पूर्व मंडी अध्यक्ष बड़े भाई श्री सज्जन सिंह यादव जी मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाह जी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मर्जाद सिंह यादव धोरी जी श्री कार्यक्रम प्रभारी श्री रामख्तियार गुर्जर जी मंडल महामंत्री राजू मिश्रा मंडल महामंत्री सुल्तान मौर्य विद्याराम पवैया जी पंचम जाटव जी डॉक्टर मलखान गोयल जी वीरेंद्र यादव उपाध्यक्ष जी श्री लाखन यादव जी नरेंद्र कुशवाह जी बबली यादव उपाध्यक्ष जी रामू कुशवाह मीडिया प्रभारी मुरारी यादव सलमपुरा शुभम राठौर दीपक यादव सोनू खान कोमल यादव जी डॉक्टर बेताल गौड कार्यालय मंत्री और अन्य सभी श्रेष्ठ वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुऐ।

### अम्बाह क्लीन ग्रीन टीम ने शुरू किया नगर में साप्ताहिक बृक्षारोपण अभियान

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**अम्बाह ।** नगर में क्लीन ग्रीन टीम के युबाओ ने दर्शनलाल बाग के मंदिर परिसर में बृक्ष लगाकर किया साप्ताहिक बृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ जिसमें



(अम्बाह स्नातकोत्तर)पी जी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. जयपाल सिंह जी के द्वारा बृक्षारोपण किया गया। और टीम के युबाओ का उत्साहबर्धन करते हुए। उन्होंने कहा कि आपकी टीम पर्याबरण के प्रति बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है।इसके लिए टीम के समस्त युवासाथी बधाई के पात्र है।इस अभियान में टीम के ब्रजकिशोर कुशवाह एड्वोकेट पवन शर्मा शशिकान्त शर्मा शेखर माथुर दुर्गेश शर्मा चंद्रकांत शर्मा दयाल गुर्जर आदित्य सारवान अनूप सिलाबट हिमांशु राजोरिया उपस्थित रहे।

# बेरोजगारी एवं बेकारी को दूर करने के लिए समस्त संस्थाएं एवं समाज बंधु मिलकर प्रयास करें

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,
पुष्पांजली टुडे

स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय नेतृत्व के के निर्देशन पर संपूर्ण देश में स्वदेशी वस्तुओं के आग्रह एवं जन जागरण के लिए संपूर्ण देश में स्वदेशी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है स्वदेशी सप्ताह मैं संघ परिवार के समस्त सम वैचारिक संगठन समाज बंधु मठ मंदिर एवं विश्वविद्यालय विद्यालय एवं समस्त सामाजिक संस्था से आग्रह किया गया है राष्ट्रहित पर्यावरण संरक्षण अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ता बढ़ती हुई बेरोजगारी एवं बेकारी को दूर करने के लिए समस्त संस्थाएं एवं समाज बंधु मिलकर प्रयास करें उद्योग जगत से जुड़े बंधु भी लघु उद्योग कुटीर उद्योग एवं वृहद उद्योगों में जनभागीदारी बढ़ाकर रोजगार के अवसर बढ़ाए तभी देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होकर हम विश्व स्तर पर अपनी स्थिति को मजबूत बना सकेंगे इस दृष्टि से स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता प्रत्येक व्यापारिक संस्था सामाजिक संस्था धार्मिक संस्था विशेषकर विश्वविद्यालयों



विद्यालयों में जाकर स्वरोजगार एवं स्वदेशी विषय पर चर्चा के साथ-साथ दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का आग्रह कर रहे इसी कड़ी में स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक मुरैना विभाग आचार्य बृज मोहन शर्मा द्वारा आज शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मैं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक और विद्यालय प्रभारी श्री करण सिंह जी चौरसिया एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों से सौजन्य भेंट कर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग करने हेतु आग्रह किया।

## मानदेय नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया, चार वर्ष से मानदेय नही मिलने पर कर प्रदर्शन कर रहे है स्वच्छाग्रही



ब्यूरो पुष्पांजली टुडे
उत्तर/प्रदेश- किशनी

काफी समय से कर्मचारियों को मानदेय नही मिल रहा है जिसके चलते विकासखंड पर स्वच्छाग्रही को चार साल से मानदेय नही दिया गया जिसके बाद बैठक करके कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया गया।

साथ ही निर्णय बृहस्पतिवार को मुख्यालय पर लोहिया पार्क में सुबह दस बजे सभी कर्मचारियों ने अध्यक्ष चुनकर प्रदर्शन किया।

साथ ही बैठक में खंडप्रेरक अमरदीप ने कहा कि स्वच्छाग्रही का चयन वर्ष 2016 में हुआ था। तभी से सभी लोग अपनी जिम्मेदारी निभाते चले आ रहे हैं और अपने कार्य को भली भांति करते आ रहे है जिसमे वेसलाइन का सर्वे भी पूर्ण किया गया है। लेकिन आज तक मानदेय नहीं मिला है। जब लोग घरों में शांति से बैठे थे तब हम सभी कोरोना काल में भी दी गई जिम्मेदारी पूरी तरह से निभा रहे है थे लेकिन हमें हमारा मानदेय नही मिला।

### आपको बता दे की इस प्रदर्शन में

अतुल तिवारी, अनिल शर्मा, कौशल शाक्य, अरविंद कुमार, प्रगति चौहान, राहुल कुमार, संजुम, अतुल कुमार, आलोक पांडेय, सुधीर गुप्ता, योगेश शाक्य, संजीव, सत्य नारायन मौजूद रहे और सभी ने मिलकर प्रदर्शन किया।



### विश्वेश्वराया की जयंती मनाते हुए राष्ट्रीय साहित्य प्रशस्ति पत्र व पुरूस्कार देकर किया सम्मानित

पुष्पाजली टुडे

**बेंगलुरु.**~ भारतरत्न सर एम.विश्वेश्वरैया इंजीनियरिंग प्रतिष्ठापना ट्रस्ट की ओर से सर एम.विश्वेश्वराया की जयंती मनाते हुए राष्ट्रीय साहित्य प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार दिए गए द्य तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया द्य कार्यक्रम में बाल नृत्यकार ऋषिका एच.एस.ने मनमोहक नृत्य पेश कर लोगों की जम कर तालियाँ बटोरी द्य अन्य कलाकारो द्वारा कन्नड़ साहित्य संस्कृति के ओतप्रोत नृत्यकला,योग साधक विष्णु संगन नेमगौड़ा ने विभिन्न प्रकार के योग आसन किए द्य महिलाओं द्वारा गायन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई द्य इस दौरान मानद अध्यक्ष बनूर डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित,अध्यक्ष रमेश सुरवे, जनकसिंह भाटी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# गरीब कल्याण के मेले में गर्मी के बीच ग्रामीणों के लिएअव्यवस्था वीडियो पर भड़के सांसद

संजय सिंह तोमर रिपोर्टर
पुष्पांजली टुडे

**खेरागढ़।** माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशानुसार कस्बा खेरागढ़ के विकास खंड कार्यालय पर गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सांसद राजकुमार चाहर रहे इसके अलावा एसडीएम खेरागढ़ प्रियंका सिंह विकास खंड अधिकारी सुमंत यादव ब्लाक प्रमुख अनिल सिकरवार समेत समस्त सरकारी अमला मौजूद रहा

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद राजकुमार चाहर ने समाज सेवक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया जिसके बाद सांसद द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किए इनमें किसान सम्मान निधि प्रगतिशील किसान प्रधानमंत्री आवास योजना



वृद्धावस्था पेंशन आदि योजनाएं सम्मिलित रही उधर बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह प्रदर्शनी का आयोजन जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा स्टॉल लगाये गए जिसमे गर्भवती महिलाओं को किस तरह का भोजन ग्रहण करना चाहिए बताया गया भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजकुमार चाहर ने आज खेरागढ़ में आयोजित गरीब कल्याण मेले के दौरान व्यवस्थाओं से नाराज होकर मंच छोड़ दिया और ग्रामीणों के साथ बैठ गए इस दौरान पंडाल में पंखा और अन्य व्यवस्थाएं न होने पर वीडियो सुमंत यादव को अपने कार्यालय में पूरा देना बिना पंखे के रहने की सजा सुनाई।

और मंच से चेतावनी देते हुए 7 दिन के अंदर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने के आदेश दिए।

और इस में कमी आने पर कार्यवाही की बात कही बताया जा रहा है कि वीडियो नहीं बीते माह खेरागढ़ ब्लॉक कार्यालय खेरागढ़ पर दिव्यांग उपकरण पंजीकरण शिविर के दौरान दिव्यांगों को जमीन पर बैठाने और पानी तक की व्यवस्था न कर दिव्यांगों का मजाक उड़ा चुके हैं।

जिसको लेकर विधायक महेश गोयल ने नाराजगी जताई थी। आखिर देखना होगा कि योगी सरकार के कार्यक्रमों में अव्यवस्था फैलाने वाले वीडियो के खिलाफ आला अधिकारी क्या एक्शन लेंगे

# कच्ची शराब पर आबकारी विभाग व दबोह पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

**दबिश के दौरान पकड़ी 15 लीटर कच्ची शराब व 500 लीटर लहन की नष्ट**

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

**दबोह ।** भिण्ड कलेक्टर सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह व जिला आबकारी अधिकारी आर के तिवारी के निर्देशन में एवम लहार एसडीओपी अवनीश बंसल के मार्गदर्शन मे अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दबोह में कच्ची शराब पर कार्यवाही की गई।इस दौरान आबकारी विभाग व दबोह पुलिस ने कच्ची शराब के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही को अंजाम दिया है।आबकारी उपनिरीक्षक अजीत यादव ने बताया कि लगातार शिकायतों के चलते रहकोला देवी मंदिर के पास कंजर डेरो पर अवैध हाथ से बनी कच्ची शराब की पॉलीथिन के पाउच में बिक्री की सूचना प्राप्त हो रही थी।जिसपर शनिवार को दबोह पुलिस की मदद से घेराबंदी कर दबिश दी गई तो महिला बच्चो सहित कच्ची शराब



बेचते हुए पाई गई।इनके कब्जे से एवम इनकी निशादेही में घर से 3000 कीमत के 15 लीटर कच्ची शराब के पाउच जप्त किये गए साथ ही खेत मे बने गड्डो में मिली 25000 रुपये की 500 लीटर गुड़ लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया।

आबकारी उपनिरीक्षक अजीत यादव ने बताया कि महिलाओं द्वारा कोई वैध लाइसेंस पेश नहीं किया गया।महिला का कृत्य 34(1)आबकारी का पाए जाने के समक्ष उक्त महिला वंदना पर कार्यवाही कर मामला पंजीबद्ध किया गया।

**गाँवो में अगर बिक रही शराब तो होगी कार्यवाही:** दबोह में कच्ची शराब पर कार्यवाही के चलते आबकारी उपनिरीक्षक अजीत यादव ने बताया कि अगर क्षेत्र के गाँवो में भी अंग्रेजी व देशी शराब की बिक्री पाई जाती है तो उस पर भी मुखबिर की सूचना पर टीम बनाकर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाएगी।

**सम्पूर्ण कार्यवाही में यह रहे शामिल:** अवैध कच्ची शराब के खिलाफ इस संपूर्ण कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक अजीत यादव व थाना दबोह से,स्ढ्ढ महेंद्र उचाड़िया,बलबीर दीवान जी,अभिषेक यादव,सतेन्द्र गुर्जर की मुख्य सराहनीय भूमिका रही।

**इनका कहना::** 1-कच्ची शराब बनाने वाले कंजरों पर लगातार कार्यबाही जारी है,अगर सूचना मिलती है तो पुनः कार्यबाही की जायेगी।

**अजीत यादव**
**आबकारी उपनिरीक्षक**

## जाति आधारित प्रायोजित हिंसा से बचना होगा: संजीव नायक

**दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

लहार विधानसभा के दबोह क़स्बा के आवसग्रह बार्ड क्रमांक बारह दबोह में चौपाल का आयोजन बार्डवासियों ने किया चौपाल में बार्ड की छोटी छोटी समस्याओं एवं शराबबन्दी को लेकर उपस्थित सभी लोगों ने चर्चा की।चौपाल में बोलते हुए



सामाजिक कार्यकर्ता संजीव नायक एडवोकेट ने कहा कि जातिगत हिंसा से बचना होगा हमें समाज में सामाजिक समरसता का माहौल बनाना होगा। शराब के विषय में बोलते हुए उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा का मूल कारण शराब ही है शराब के विरुद्ध युद्ध मे आप सब की जरूरत है उन्होंने कहा कि शराब मुक्त बार्ड से ही शराबमुक्त समाज का निर्माण हो सकता है,नशे के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा उन्होंने कहा कि सर्व समाज के सहयोग से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण होगा।शराब के कारण ही अपराधों का जन्म होता है हम सभी को जातिगत द्वेष मिटाकर अपराध मुक्त शराब मुक्त समाज का निर्माण किया जाना चाहिए। नशा नाश करता है,नशे से दूर रहने के लिए संकल्प पर अडिग रहने की जरूरत है शराब से होने बाले दुष्परिणामो के बिषय में विस्तार से बताया चौपाल में विकास सिंह राठौर,नितिन कांकोरिया,राजा यादव, अनुरूध्द ओम बिरथरिया,शिवम शाक्य, जशमंत शाक्य,मनोज कुमार, दीपक विश्वकर्मा,कमलकिशोर, रामनरेश सविता,नरेश कुमार शाक्यवार,मुकेशसिंह यादव, जगतसिंह खटीक,किशुनविहारी शाक्य,रोहित शाक्या मुलु विश्वकर्मा उदल परिहार रमेश कुशवाह आदि मौजूद रहे।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 1480 बूथ स्तर पर मनाई गई

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(जिला चिकित्सालय एवं अनाथालय निराश्रित भवनों एवं बाल आश्रम में भाजपा कार्यकर्ता किए फल वितरण)**

**भिण्ड।**एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता, चिंतक एवं विचारक, प्रखर राष्ट्रवादी और भाजपा के प्रेरणास्त्रोत पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भिंड जिले के 26 मंडलों के 1480 को पार्टी बूथ स्तर पर मनाई गई और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी छाया चित्रों पर दीप जले जले एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती राजकुमारी जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर उनके जनसेवा के 20 वर्ष 7 अक्टूबर तक चल रहे सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न सेवा कार्य किये जा रहे है। इसी के साथ भिंड जिले के 1480 मतदान केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे साथ ही पार्टी के कार्यकर्ता मंडलों के अस्पताल, बाल आश्रम एवं अनुसूचित जाति बस्तियों के बच्चों के बीच फल वितरण कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिला अस्पताल परिसर भिंड में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट एवं निराश्रित भवन में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती कृष्णकांता तोमर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष वरिष्ठ अभिभाषक अमृतपाल सिंह बघेल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जयंती एवं आगामी कार्यक्रमो को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती राजकुमारी जैन ने सभी 26 मंडलों के मंडल अध्यक्षों को कार्यक्रम सफल बनाया उन्होने कहा कि सेवा और समर्पण के हमारे कार्यक्रम बहुत अच्छे तरीके से संपन्न हुए श्रीमती जैन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लोंगो को





घर घर से लाकर टीकाकरण केंद्रों पर ले गए और उनका वैक्सीनेशन कराया । जिला कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती राजकुमारी जैन, ने बताया सुभाष मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू महाराणा प्रताप मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी मंडलों की सभी कार्यकर्ता जिला अस्पताल परिसर में एकत्रित हुए और वहां से ओपीडी में मरीजों को फल वितरण किया 7 मेहगांव में मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया ने मेहगांव अस्पताल, गोरमी मंडल के अध्यक्ष सुभाष थापक ने गोरमी नगर के अस्पताल, लहार मंडल के जबर सिंह कुशवाह ने अस्पताल लहार, दमोह देवेंद्र उपाध्याय अस्पताल दमोह, कुलदीप सिंह कौरव आलमपुर अस्पताल, विकास बोहरे ने मिहोना अस्पताल, शैलेंद्र पालीवाल ने फूप अस्पताल, अनूप त्यागी ने गोहद नगर अस्पताल, देवेंद्र गौड़ ने मालनपुर अस्पताल, रवि शर्मा ने चितौरा अस्पताल, दंदरौआ मंडल में राजवीर सिंह गुर्जर में सभी कार्यकर्ताओं के साथ मरीजों को फल वितरण किए 7 साथ ही बूथ केंद्रों पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष महाराणा प्रताप मंडल द्वारा आयोजित फल वितरण कार्यक्रम के पूर्व निराश्रित भवन में अमृतपाल सिंह बघेल एडवोकेट ने कहा कि केंद्र की मोदी एवं प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंतोदय मिशन के साथ गरीब मजदूरों किसानों के लिए योजना बनाकर अंतिम छोर के व्यक्ति को आगे की पंक्ति में खड़ा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही हैं हम सब उनके विचारों का अनुसरण कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लें भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह भदौरिया ने अपने निवास स्थान वार्ड क्रमांक 18 के बूथ क्रमांक 18 पर वन खंडेश्वर मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और वही सोनी मंडल के ग्राम पंचायत सुच्चापुरा बूथ क्रमांक 18, डिडौना वार्ड क्रमांक 19 में भी दीनदयाल जयंती मनाई गई और उनके विचारों पर प्रकाश डाला गया । शहर के वार्ड क्रमांक 9 में सीता नगर स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर राजकुमार सिंह कुशवाह ने अपने निवास पर, वन खंडेश्वर मंडल अध्यक्ष अमित जैन कौशलेंद्र सिंह कुशवाह रवि बाजपाई शेखर खटीक रक्षपाल सिंह राजावत ने दीनदयाल जी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती उषा नगरिया भरत शर्मा भुजबल सिंह तोमर ,चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ शिव कुमार राजौरिया, श्रीमती सुशीला नरवरिया पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती पिंकी शर्मा लवकुश सिंह कुशवाह ,आकाश पुरोहित, श्याम किशोर दीक्षित, सुनील वाल्मीकि, दीपक शर्मा, शिवम पुरोहित, ब्रजेश शर्मा ,अवधेश यादव ,जगत नारायण पुरोहित ,रणक्षोर रामचन्द्र, सत्यभान श्याम लखेरे आदि लोग उपस्थित थे ।

## वन-टू-वन

### वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर द्वारा कन्या भोज कराया गया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सेवढ़ा ।** अखिल विश्व छत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह भदोरिया के जन्म दिवस के उपलक्ष में आज सेवड़ा वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर द्वारा कन्या भोज कर जोगिंद सिंह भदोरिया का जन्मदिन मनाया दीर्घायु की जीवन की कामना की एवं समाज सेवा में सदेव अग्रणी रहने वाले भदोरिया जी सदैव हम सभी युवाओं समाज सेवा में सहयोग करते हैं इस पावन अवसर पर उनका जन्मदिन बनाकर हर्षोल्लास व्यक्त करते हैं कार्यक्रम में उपस्थित जन राहुल निर्वेद सविता रघुवीर प्रजापति राहुल जाटव आदि जन उपस्थित रहे।

### जिला प्रशासन की सह पर अबैध उत्खनन से प्रतिदिन दो करोड़ की हो रही राजस्व चोरी- डॉ गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(भाजपा विकास व धर्म के नाम पर प्रदेश की जनता को गुमरहा कर कर रही हैं- चौधरी राकेश सिंह)**

**(कांग्रेस अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में जंगी प्रदर्शन कर, करेगी कलेक्टर घेराव- मान सिंह कुशवाहा)**

**भिण्ड।** कांग्रेस प्रदेश नेतत्व के आवाहन पर, भिंड जिले में भजापा सरकार के तानाशाह रवैये को एव क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेठी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।जिसमें मुख्य



अथिति के रूप पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह उपस्थित रहे एव उनके साथ पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह, गोहद विधायक मेवाराम जाटव,जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिन्डोलिया,देवाशीष जरारिया,आदि लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का नेतत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा द्वारा किया गया।कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।मंच का संचालन कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संदीप मिश्रा द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री व लहार विधायक डॉ गोविंद सिंह ने कहा भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाये गए पेट्रोल डीजल के दामों से किसान के खेती बॉडी की लागत में प्रति बीघा 730 रुपये की बृद्धि हुई,और साल में 7300 रु की और भाजपा सरकार किसान को अनुदान राशि 6000 रुपये दे रही है और ले 7300 रु रही हैं इस तरह महँगाई बढ़ा कर भाजपा सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है।तथा उन्होंने प्रशासन को चेताते हुए कहा जिले में अबैध रेत-गिट्टी के उत्खनन से जिले को दो करोड़ रुपये की राजस्व की प्रति दिन छति पहुच रही है यह सब जिला प्रशासन की सह पर हो रहा है।अगर इसमे सुधार नही हुआ तो अक्टूबर में दूसरे सप्ताह में कांग्रेस पार्टी रोड पर उतर कर जिला कलेक्टर का घेराव करेगी जिसमे शीर्ष नेतत्व की आने की सम्भावना व्यक्त की।इसीक्रम में पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह ने कहा भाजपा विकास व धर्म के नाम पर प्रदेश की जनता को गुमरहा कर रही है चंबल एक्सप्रेस वे से लेकर किसानो को अनुदान के नाम पर गुमरहा कर रही है।अंत क्रम में अपनी बात रखते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कहा जिले का प्रशासन हमारे कांग्रेस कार्यकर्ताओ की शिकायतों को अनदेखा करने का काम कर रहा है।

# 52 वाँ राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस धूमधाम के साथ समपन्न

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(छात्रों के व्यक्तित्व विकास में सहयोगी है,एनएसएस - चौहान)**

**(व्यक्तित्व विकास के साथ एनएसएस छात्रों में समाजसेवा,राष्ट्रीयता एवं दायित्व निर्वहन के भाव को जागृत करता है-भदौरिया)**

भिण्ड।शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1,भिण्ड में 24 सितम्बर को एनएसएस का 52 वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। प्राचार्य पी एस चौहान की अध्यक्षता में जन अभियान परिषद भिंड के जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदोरिया, समाज सेवी चिकित्सक डॉक्टर शैलेंद्र परिहार ,पर्यावरणविद प्रोफेसर इकबाल अली एवं वोकेशनल टीचर भूपेंद्र सिंह कुशवाह मंचासीन रहे। रा.से. यो.कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर ने कार्यक्रम की संक्षिप्त भूमिका रखी एवं अंत में आभार व्यक्त किया।





पुष्पा यादव एवं रानू चौधरी ने किया।

वीणापाणि मां सरस्वती एवं प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।उठे समाज के लिए उठें - उठें,लक्ष्य गीत से कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवक रितु शर्मा, रानू चौधरी एवं खुशी जैन के द्वारा की गई ।छात्रों द्वारा स्वच्छता एवं कोविड -19 टीकाकरण पर नुक्कड़ नाटक,भाषण एवं गीत प्रस्तुत किए गए। छात्रा प्रतीक्षा ओझा एवं आस्था मिश्रा ने देशभक्ति गीत पर खूबसूरत प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में एनएसएस का द्विवर्षीय पाठ्यक्रम 240 घंटो के श्रमदान के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले छात्रों को ए सर्टिफिकेट प्रदान किए गए तथा कोविड-19 के बचाव, टीकाकरण जागरूकता स्वच्छता आदि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट करने वाले स्वयंसेवकों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान अध्यक्षीय आसंदी से बोलते हुए प्राचार्य पीएस चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों के व्यक्तित्व विकास के साथ - साथ उन्हें अनुशासन और सेवा का पाठ भी पढ़ाती है। समाज सेवा द्वारा छात्रों का व्यक्तित्व विकास ही राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य लक्ष्य है। जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस छात्रों को जीवन जीने की कला सिखाती है।

## सेवा और समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती।।

**संतोष सिंह भदोरिया**
**पुष्पांजली टुडे**
**9179661562**

**गोरमी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी द्वारा जनसंघ के संस्थापक सदस्य एकात्म मानवतावाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 64 बूथ केंद्रों पर सेवा एवं समर्पण दिवस के रूप में कार्यकर्ताओ दुआरा मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फल वितरण किए गए इस अवसर पर महिला मोर्चा दुआरा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व जिला महामंत्री सुरेन्द जैन विशेष अतिथि के रूप में बरिष्ठ नेता श्रीकृष्ण कटारे सुनीता निर्मल आर्य महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष सुधा कटारे मंडल उपाध्यक्ष एबम कार्यक्रम के प्रभारी मनीष अग्रवाल मौजूद थे अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्वागत भाषण देते हुये मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा आज हम ऐसे महामानव



की जयंती मना रहे हैं जिसने पार्टी की स्थापना एक छोटे से पौधे के रूप में की थी जो आज एक विशाल वटवृक्ष बन गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला महामंत्री सुरेन्द जैन ने कहाँ की पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी हमेशा कहा करते थे कि किसी राष्ट्र या राज्य का विकास करना है तो सबसे पहले हमें अंत्योदय की परकल्पना करनी पड़ेगी क्योंकि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को अगर यह महसूस होगया कि मेरा विकास हो रहा है तो आप यह मान कर चलिए वह राज्य वह राष्ट्र उन्नति और प्रगति के पथ पर अग्रसर है कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया।

# सच्चे मन से याद करने पर भगवान नंगे पैर दौड़े आते हैं-: साध्वी ऋतु पाण्डेय

**तेरे सब संकट कट जायें पूजा गोवर्धन की करले से गूंजा पंडाल**
**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**दबोह ।** नगर दबोह क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मंदिर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर मोनी योगाआश्रम दबोह में गोरा,बरथरा,बड़ागाँव, कसल,अंधियारी,दबोह क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों के जन सहयोग से दिनांक 21 सितंबर 2021 मंगलवार से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हो गया है आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन शनिवार को कथावाचक साध्वी ऋतु पाण्डेय जी ने



भगवान श्री कृष्ण के लीलाओं के बारे में बताया श्रीकृष्ण लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा श्रोताओं को प्रेम, वात्सल्य और भक्ति रस में मंत्र मुग्ध कर दिया कन्हैया जैसी लीला मनुष्य क्या कोई



अन्य देव नहीं कर सकता लीला और क्रिया में अंतर होता है,भगवान ने लीला की है जैसे जिसको कर्तव्य का अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा हो तो वह क्रिया कहलाती है जिसको न तो कर्तव्य का अभिमान है और न ही सुखी रहने की इच्छा हो बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की जिससे सभी गोकुलवासी सुखी थे उन्होंने कहा कि माखन चोरी का रहस्य मन की चोरी से है कन्हैया ने अपने भक्तों के मान की चोरी की है इस प्रकार उन्होंने तमाम बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बैठे श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया तत्पश्चात पूतना वध,गोवर्धन लीला के बारे में बताया उन्होंने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किस प्रकार गोवर्धन पर्वत को उठाकर भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र देव के कोप से गोकुल वासियों की रक्षा की थी इसके अलावा कथावाचक ऋतु पाण्डेय ने बताया कि कैसे बाल गोपाल ने अपनी अठखेलियों से अपने बाल स्वभाव के तहत मंद-मंद मुस्कान व तुतलाती भाषा से सबका मन मोह रखा थायहीं पर भगवान श्री कृष्ण ने द्वापर युग में ब्रजवासियों को इन्द्र के प्रकोप से बचाने के लिये गोवर्धन पर्वत अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाया था गोवर्धन पर्वत को भक्तजन गिरिराज जी भी कहते हैं सदियों से यहां दूर-दूर से भक्तजन गिरिराज जी की परिक्रमा करने आते रहे हैं यह 7 कोस की परिक्रमा लगभग 21 किलोमीटर की है उन्होंने अंत मे कहा कथा व्यास ने बताया कि सच्चे मन से याद करने पर भगवान नंगे पैर दौड़ते आते हैं।

# अम्बाह महाविद्यालय में एनसीसी कैडेटों की भर्ती

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,अम्बाह में दिनांक 24 सितंबर 2021, शुक्रवार को एनसीसी इकाई द्वारा प्रथम वर्ष में कैडेटों की भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई ।यह भर्ती प्रक्रिया कोविड-19 के दिशा निर्देश अनुसार अपरान्ह 2:00 बजे से प्रारंभ हुई कोविड-19 के दिशा निर्देशो के पालन करते हुये सभी विद्यार्थियों को सोशल डिस्टेंसिंग के अनुसार खड़ा किया गया । इस भर्ती में उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया जो विद्यार्थी मास्क लगाकर आए थे। इस भर्ती प्रक्रिया का आयोजन 30 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी-- भिंड के कमान अधिकारी कर्नल राजीव शर्मा एवं एडम अधिकारी कर्नल सुमित पंत के निर्देशन में किया गया ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.शिवराज सिंह तोमर ने समस्त विद्यार्थियों को कोरोना काल में अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु एनसीसी संगठन के प्रति विद्यार्थियों को निष्ठावान और



समर्पण भाव जागृत करने की आवश्यकता को बताया। मेजर वी के जैन ने विद्यार्थियों को एनसीसी के इतिहास के विषय मे बताते हुये इसको विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन बताया और एन सी सी में होने वाली एक्टिविटीज को विस्तार से बताते हुए सभी छात्रों को इसमें भाग लेने की आवश्यकता को बताया और एनसीसी ध्येय सूत्र एकता और अनुशासन को जीवन मे धारण कर इससे होने वाले लाभ को भी समझाया। कैप्टन मनोज शर्मा ने सीनियर डिवीजन छात्र तथा लेफ्टिनेंट मंजू तोमर ने सीनियर डिवीजन छात्राओं की भर्ती के दौरान विद्यार्थियों की लंबाई ,वजन, ब्लड ग्रुप आदि जानकारियों को प्राप्त कर इसके आधार पर विद्यार्थियों के चयन को पूर्ण किया।30 मध्यप्रदेश बटालियन -- भिंड से सूबेदार राजेंद्र चौधरी, बी एच् एम राज कुमार , हवलदार परस राम एवं हवलदार जितेंद्र सिंह मुंडा के निर्देशन में विद्यार्थियों का सीट अप, पुशअप ,दौड़, कदमताल आदि शारीरिक प्रशिक्षण द्वारा चयन किया गया ।

प्रथम वर्ष में नामांकन हेतु इस भर्ती प्रक्रिया में छात्र और छात्राओ ने पूर्ण जोश के साथ भाग लिया



जिसमे आवश्यक से अधिक विद्यार्थियों के आने पर भर्ती प्रकिर्या को और कठिन कर विद्यार्थियों का चयन किया गया।इस भर्ती में अंडर ऑफिसर आयुष गुप्ता, अंडर ऑफिसर अरुण शर्मा ,कैडेट सूरज,श्यामसुंदर ,महेन्द्रप्रताप, रविप्रताप तथा सीनियर छात्रा कैडेट्स भी उपस्थित रहे।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार श्रीमती नीतू सिंह भदौरिया पत्नी श्री संजय सिंह भदौरिया, निवासी-गोवर्धन कॉलोनी, गोले का मंदिर ग्वालियर म0प्र0 द्वारा इस आम सूचना पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के पति श्री संयज सिंह भदौरिया पुत्र श्री नरपाल सिंह भदौरिया जो मानसिक रूप से पीडित होकर अपने सोचने समझने की क्षमता खो चुके है। मेरे पक्षकार को आशंका हैं कि मेरे पक्षकार के पति संजय सिंह भदौरिया की मानसिक बीमारी का अन्य कोई भी व्यक्ति लाभ लेते हुये मेरे पक्षकार के पति श्री संजय सिंह भदौरिया के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य सम्पत्ति / भवन गोवर्धन कॉलोनी गोले का मंदिर ग्वालियर एवं पुश्तैनी सम्पत्ति ग्राम मेहदौली तहसील गोरमी जिला भिण्ड म0प्र0 एवं ग्राम मानहड तहसील गोरमी जिला भिण्ड में स्थित समस्त अचल सम्पत्ति एवं कृषि भूमि का अनुबंध-पत्र, रजिस्ट्री, मुख्त्यारनामा आदि दस्तावेज सम्पादित कर सकते है। इसलिये इस आम सूचना-पत्र के माध्यम से हर आम व खास, गाँव वासियों एवं संस्था, बैंक आदि विभागो को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के पति श्री संजय सिंह भदौरिया से उनके स्वामित्व एवं पुश्तैनी समस्त अचल सम्पत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की लेनदारी या विक्रय अनुबंध-पत्र, किरायानाम, मुख्त्यारनामा, रजिस्ट्री आदि सम्पादित किया जाता है तो वह इस आम सूचना पत्र के माध्यम से मिथ्या व शून्य मानी जावेगी

**अत: आप सूचित हो।**

**प्रेषक**

श्रीमती नीतू सिंह भदौरिया पत्नी श्री संजय सिंह भदौरिया,
निवासी गोवर्धन कॉलोनी, गोले का मंदिर ग्वालियर म0प्र0

**नोट-** मेरे पक्षकार के पति. दिनांक 15.01.2020 को मेरे पक्षकार की ननद मिथलेश एवं

शशी पाल अपने साथ जबरदस्ती मेरे पक्षकार के पति को ले गयी थीं। तब से आज

दिनांक तक उनका कोई पता नहीं है। मेरे पक्षकार के पति वर्तमान में लापता।

**द्वारा वास्ते:- एस0डी0 सिंह भदौरिया, एडवोकेट।**
**पता- त्रिमूर्तिनगर गोले का मंदिर मुरार ग्वालियर**
**मोबा. 7999041752**

# बीएसएफ टेकनपुर ने किया ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के उपलक्ष्य में साईकिल रैली का आयोजन








**ग्वालियर।** आजादी की 75वीं वर्षगॉठ केउपलक्ष्य में आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव का ध्येय गर्व के उन पलों को याद करना है,जिनसे भारत की आजादी का इतिहास जुड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम के गौरव पूर्ण इतिहास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित तीन साईकिल रैलियों के क्रम में तृतीय रैली दिनांक 25सितम्बर 2021 को ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से रवाना हुई जिसमें मुख्य अतिथि मप्र के उर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर एवं एडीजी एवं निदेशक अकादमी लालातेन्दु मोहंती द्वारा सायकल रैली को स्वतंत्रता संग्राम की नायिका रानी लक्ष्मीबाई की समाधि से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर, ने समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम के जननायको को याद किया व सीमासुरक्षा बल द्वारा ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के उपलक्ष्य में जो प्रयास किए जा रहे हैं उसकी सराहना की। इस साईकिल रैली में सीमा सुरक्षा बल अकादमी के 15 साईकिल चालक(01ऑफिसर 03 एसओ 11अन्य कार्मिक)भाग ले रहें हैं। सीमा रक्षकों की यह टुकड़ी लगभग 350 किलोमीटर की दूरी तय कर के दिनांक02 अक्टूबर 2021 को राजघाट, नईदिल्ली पहुँचेगीं, जहॉ रैली का समापन समारोह होगा। इस अवसर पर महानिरीक्षक सीओटी जे एस ऑबरॉय, डीआईजी सीओटी एस के मिश्रा, सीओटी कमांडेंट पी के दुबे, एसडीएम रिंकेश वैश्य, एसपी ग्वालियर अमित सांघी, एसोसियेट प्रोफेसर जीआरएमसी डॉ. जे एस नामधारी, जीवाजी विवि के निदेशक खेल डॉ0 राजेन्द्र सिंह एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## नैनो न्यूज

### एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी का प्रतिनिधि मंडल ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिला



**ग्वालियर।** एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी एवम् संरचना समिति का प्रतिनिधि मंडल एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी के अध्यक्ष संजय कट्ठल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के फेसिलिटेशन सेंटर में भारत सरकार के केबिनेट मंत्री नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिला और शहर की यातायात व्यवस्था के संबंध में विस्तार से चर्चा की. ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आश्वस्त किया की शहर की यातायात व्यवस्था को जल्दी ही ठीक किया जाएगा. इस मुलाकात में अशोक जैन, धर्मेन्द्र सारस्वत, सुनील गुप्ता, धीरज गोयल, राहूल गोस्वामी, जीतू पाठक, गोविन्द मंगल, राजेश द्विवेदी, अरूण प्रधान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सूने घर से नगदी गहने चोरी

**ग्वालियर।** शहर के के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में स्थित गायत्री बिहार में चोर एक सूने मकान के ताले चटका कर नगदी गहने से लाखों का माल चोरी कर ले गए पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के गायत्री विहार निवासी कलिया नागले पत्नी सुख अमृत नागले स्वास्थ्य कर्मचारी है। बीते रोज वह घर पर ताला डालकर ड्यूटी चली गई थी शाम को जब वह ड्यूटी से वापस आए तो घर के ताले टूटे पड़े थे ।और सामान बिखरा पड़ा था और घर से नक।गदी गहने गायब थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

### दाल बाजार में लगेगा नि:शुल्क उद्यम आधार शिविर 28 को

**ग्वालियर।** व्यापार समिति दाल बाजार एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा गहना ज्वैलर्स, सराफा बाजार के सहयोग से 28 सितम्बर, मंगलवार को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक सदाव्रत की बगीची, दाल बाजार, ग्वालियर में उद्यम आधार शिविर का आयोजन किया गया है। ग्वालियर व्यापार समिति दाल बाजार के अध्यक्ष गोकुल बंसल, कैट के दाल बाजार संयोजक दिलीप पंजवानी ने बताया कि जुलाई महीने से व्यापारियों को एमएसएमई का दर्जा प्राप्त हुआ है। इसके अंतर्गत प्रायोटी लैंडिंग में व्यापारियों को एमएसएमई का फायदा मिलेगा। इसके लिए अधिक से अधिक व्यापारी अपना उद्यम आधार पंजीयन करा लें, जिससे उन्हें इसका फायदा मिल सके। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रत्येक बाजार एवं व्यापाारिक संगठनों के साथ मिलकर इस प्रकार के नि:शुल्क उद्यम आधार शिविर आयोजित करने का निणह्य लिया है। व्यापारी इसका अधिक से अधिक लाभ उठायें। 28 सितम्बर को इसका उद्घाटन कैट के कोषाध्यक्ष के.सी. गोयल करेंगे।

### बर्थ डे समारोह में डांसरों के बीच हो रही थी फायरिंग, वीडियो वायरल

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में राइफल से फायरिंग के बीच डांसर के नाचने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें स्टेज पर एक लड़की ठुमके लगा रही है और उसके पास कुछ लड़के नोट उड़ा रहे हैं। वहीं दो अन्य युवक राइफल हाथ में लेकर गोलियां चला रहे हैं। वीडियो शुक्रवार शाम को सामने आया है। पुलिस जांच में पता लगा है कि यह वीडियो मुरार के सिंहपुर रोड पर 19 सितंबर की रात का है। यहां जिला पंचायत सदस्य के बेटे का बर्थ डे समारोह था। वीडियो में कहीं भी जिला पंचायत सदस्य नहीं दिख रहे हैं।

# साले का लड़का ही निकला चोर: फूफा के परिवार को प्रसाद खिलाकर किया था बेहोश

### सोने-चांदी के जेवर को दोस्त के साथ समेट ले गया था आरोपी, पुलिस ने दबोचा

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में 20 दिन पहले एक घर से लाखों रुपए के जेवर चोरी हो गए थे। चोरी की घटना का खुलासा उस समय हुआ जब महिलाएं शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी तो अलमारी में से जेवर गायब थे। इस मामले की रिपोर्ट पुलिस थाने में की गई। प्रथम नजर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला नजदीकी होना स्पष्ट था। पुलिस ने जब इस मामले की गहराई से पड़ताल की। फरियादी के साले के लड़के पर शक गया। पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की तो उसने वारदात कबूली और पुलिस को बताया कि उसने चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले परिवार वालों को प्रसाद खिलाया था। जिसमें नशीली दवा मिली थी। यह घटना मुरार थाना क्षेत्र के तिरुपति विहार कॉलोनी के खुरेरी बड़ागांव की है। मुरार थाना पुलिस के मुताबिक तिरुपति विहार कॉलोनी के खुरेरी बड़ागांव में रहने वाले जितेंद्र के घर 28 अगस्त को साले का लड़का भूपेंद्र रजक और दोस्त अजय रजक आए थे। भूपेंद्र रजक ने अपने फूफा जितेंद्र को कहा कि मैं अभी शीतला माता मंदिर से पूजा करके आया हूं। यह प्रसाद लीजिए इसके बाद भूपेंद्र रजक ने फूफा जीतेंद्र और अन्य परिवारजनों को माता के प्रसाद में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। यह प्रसाद ग्रहण करते ही पूरा परिवार गहरी नींद में सो गया। इसके बाद भूपेंद्र ने अपने दोस्त अजय रजक के साथ मिलकर फूफा के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चुरा कर भाग गया। इसके दो से तीन दिन बाद ही जितेंद्र रजक का परिवार अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने जा रहा था। जीतेंद्र की पत्नी जानकी ने शादी में शामिल होने से पहले जेवरात निकालने के लिए जैसे ही अलमारी खोली तो उसमें रखे करीब ?4 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात गायब थे। अलमारी में जेवरात न होने पर पूरे घर में हड़कंप मच गया। इसके बाद परिवार वालों ने एक दूसरे पर जेवर चोरी का शक किया फिर सभी को जीतेंद्र के घर आने की याद आई। फरियादी जितेंद्र रजक ने थाने पहुंचकर पुलिस



## फल व्यवसायी दंपती पर फायरिंग

# पीड़ित दंपती ने कहा- 2 महीने पहले भी हुआ था झगड़ा, बदमाश चार बार कर चुके हैं हमला







**ग्वालियर।** ग्वालियर में बीच सड़क पर बेखौफ बदमाशों ने सीएसपी कार्यालय के सामने एक फल व्यवसायी दंपती पर फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा गोली चलाते देखकर फल व्यवसायी दंपती झुक गए और गोली उनके सिर के कुछ ही ऊपर से निकल गई। वारदात के बाद आरोपी भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालना शुरू कर दिया है। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के मयूर मार्केट स्थित सीएसपी कार्यालय के सामने की है।

**2 बदमाशों ने की फायरिंग:** ग्वालियर के थाटीपुर थाना क्षेत्र के गल्ला कोठार में रहने वाले 42 साल के मालती पत्नी राजकुमार बाथम पेशे से एक फल व्यवसायी है और उनकी मयूर मार्केट स्थित सीएसपी कार्यालय के सामने फल की दुकान है और दुकान पर उनके पति बैठते हैं। बीते रोज वह और उनके पति दुकान पर बैठे थे, तभी गल्ला कोठार निवासी कल्लू लोधी तथा अभय लोधी बाइक से आए और अभय लोधी हाथ में कट्टा लिए हुए था और आते ही उसने उन पर फायर ठोक दिया। उसके हाथ में कट्टा देखते ही दंपती झुक गए और गोली उनके सिर के ऊपर से निकल गई आरोपी ने दूसरा फायर करने का प्रयास किया, लेकिन गोली मिस हो गई। वारदात के बाद आरोपी भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित दंपती ने बताया है कि दो महीने पहले आरोपियों से उनका झगड़ा हुआ था, उसके बाद आरोपियों ने चार बार हमला किया था। हर बार पुलिस ने सिर्फ आवेदन लेकर कोई कार्रवाई नहीं की।

**जल्द आरोपियों को पकड़ने की कही बात:** थाना प्रभारी का कहना है कि फल व्यवसायी दंपती की शिकायत पर फायरिंग करने वाले बदमाशों के

### वृद्ध महिला को लूटने वाले बदमाश दबोंचे

**ग्वालियर।** पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के कृष्णा पहाड़िया पर बीती रात मदद करने का झांसा देकर वृद्ध महिला से लूट करने वाले दोनों बदमाशों को पुलिस ने छह घंटे बाद दबोच लिया है। पकड़े गए लुटेरों से लूटी गई नगदी के साथ ही वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है।पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार कृष्णा पहाड़ी पर रहने वाली 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामश्री बाई पत्नी श्याम लाल बीते रोज वह विजयपुर में अपनी वृद्धा पेंशन निकालने और मकान के बचे हुए पचास हजार रुपए लेने के लिए आई थी, पुरानी छावनी पहुंचकर वह बस से उतर गई और यहां पर तबीयत खराब होने के लिए उन्होंने पास ही खड़े दो युवकों से बेटे को कॉल करने को कहा। जैसे ही उन्होंने पर्स खोला तो युवकों को उनके पर्स में रुपए नजर आए। रुपए देखते ही युवकों ने मदद कर घर तक बाइक से छोड़ने का आश्वासन दिया।

# गैस कर्मचारी बनकर घर पहुंचा बदमाश, कहा- सिलेंडर लीक हो रहा है, फिर रुपए व सिलेंडर लेकर रफू-चक्कर





**ग्वालियर।** ग्वालियर में गैस उपभोक्ता के साथ ठगी का मामला सामने आया है। शुक्रवार दोपहर सिलेंडर की डिलीवरी देने आए गैस एजेंसी के कर्मचारी के साथ एक अन्य युवक भी आया था। एजेंसी कर्मचारी के सिलेंडर देने के तुरंत बाद उक्त युवक आया। सिलेंडर लीक होने का बहाना बनाकर सिलेंडर और रुपए ले गया, फिर सिलेंडर देने नहीं आया। गैस एजेंसी कर्मचारी का कहना था कि उक्त युवक उसके साथ नहीं आया था। सीसीटीवी में गैस एजेंसी की गाड़ी खड़ी और उक्त युवक सिलेंडर ले जाते दिख रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में आवेदन दिया है। मामला माधौगंज थाना क्षेत्र के मुदगले की पायगा के सामने का है।

माधौगंज थाना क्षेत्र के मुदगल की पायगा के सामने रहने वाले महेन्द्र सविता बिजली कंपनी के कर्मचारी हैं। उनके घर ग्वालियर गैस एजेंसी का कनेक्शन है। दोपहर 2 बजे के करीब गैस एजेंसी का एक कर्मचारी सिलेंडर की डिलीवरी देने आया। महेन्द्र उस समय ड्यूटी पर थे। घर में पत्नी थी। उसने सिलेंडर देकर 925 रुपए लिए और चला गया। उसके साथ एक युवक भी एजेंसी का कर्मचारी बनकर आया था। महेन्द्र की पत्नी घर के अंदर आ पाई थी कि तुरंत ही उक्त युवक आया। बोला- सिलेंडर लीक हो रहा है। जब महेन्द्र की पत्नी ने देखा, तो हकीकत में सिलेंडर लीक हो रहा था। उक्त युवक बोला कि अभी गाड़ी से नया सिलेंडर लेकर आता हूं। इसके बाद वह लीक सिलेंडर लेकर गया, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं आया, तो महेन्द्र की पत्नी ने बाहर देखा तो गैस एजेंसी की गाड़ी भी नहीं थी। महिला ने तुरंत उसे ढूंढ़ा, तो हेमसिंह की परेड पर गाड़ी खड़ी मिल गई। जब गैस एजेंसी कर्मचारी तेजाब सिंह से उन्होंने उक्त युवक के बारे में पूछताछ की, तो उसने इनकार कर दिया। कहा कि वह गैस एजेंसी का कर्मचारी नहीं है और ना ही उसके साथ था।

### थाना प्रभारी ने जांच कर कार्रवाई करने की कही बात

माधौगंज थाना प्रभारी वर्षा सिंह का कहना है कि ठगी की शिकार हुई महिला ने थाने आकर शिकायती आवेदन दिया है। हम गैस एजेंसी के कर्मचारी को बुलाकर पूछताछ करेंगे। जांच के बाद जो भी सत्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी

# पुलिस ने 6 घंटे के अंदर दो लुटेरों को पकड़ा: बुजुर्ग महिला ने मांगी थी मदद, रास्ते में लूट लिया



**ग्वालियर।** ग्वालियर में मदद करने का झांसा देकर बुजुर्ग महिला से लूट करने वाले दोनों बदमाशों को पुलिस ने छह घंटे की मशक्कत के बाद दबोच लिया है। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के कृष्णा पहाड़िया पर बीती रात की है। पकड़े गए लुटेरों से लूटी गई नगदी के साथ ही वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस पकड़े गए लुटेरों से पूछताछ में जुट गई है। पुलिस अफसरों का मानना है कि पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ के बाद कुछ अन्य वारदातों का खुलासा हो सकता है।

ग्वालियर के पुरानी छावनी थाना प्रभारी सुधीर सिंह कुशवाह ने बताया कि कृष्णा पहाड़ी पर रहने वाली 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला रामश्री बाई पत्नी श्याम लाल मूलत विजयपुर मुरैना की रहने वाली है और वहां का मकान बेचकर उन्होंने पुरानी छावनी के कृष्णा पहाड़ी पर घर बनाया हुआ है। बीते रोज वह विजयपुर में अपनी वृद्धा पेंशन निकालने और मकान के बचे हुए पचास हजार रुपए लेने के लिए आई थी, जिसमें मकान खरीदने वाले ने उन्हें पच्चीस हजार रुपए दिए व शेष रुपए कुछ दिन बाद पहुंचाने का आश्वासन दिया। जिस पर वह रुपए लेकर बस से रवाना हुई। पुरानी छावनी पहुंचकर वह बस से उतर गई और यहां पर तबीयत खराब होने के लिए उन्होंने पास ही खड़े दो युवकों से बेटे को कॉल करने को कहा। जैसे ही उन्होंने पर्स खोला तो युवकों को उनके पर्स में रुपए नजर आए। रुपए देखते ही युवकों ने मदद कर घर तक बाइक से छोड़ने का आश्वासन दिया और उन्हें बाइक पर बैठाकर कृष्णा पहाड़ी स्थित एकांत स्थान पर पहुंचे। यहां पर वृद्धा को बाइक से उतारा और धक्का देकर उनका पर्स लूट ले गए। वारदात के बाद वृद्धा ने शोर मचाया, लेकिन उससे पहले ही लुटेरे भाग निकले। वारदात का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**पुलिस अधिकारियों ने 2 टीम गठित कर लुटेरों को पकड़ा:** घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने दो पुलिस टीम बनाकर पड़ताल की तो पता चला कि वारदात को अंजाम देने से पहले एक बदमाश ने उनके बेटे के मोबाइल पर कॉल किया था। इसका पता चलते ही मोबाइल नंबर की जानकारी की और जिस युवक के नाम सिम थी उसके घर जा पहुंची, तो युवक ने बताया कि उसका मोबाइल तो कालू खान और कल्ला खान ले गए है। इसका पता चलते ही पुलिस ने उनके घरों पर दबिश दी तो वह घरों से गायब मिले। इसी बीच पता चला कि वह पड़ोस में रहने वाले लल्ला खान की बाइक ले गए थे। इसका पता चलते ही पुलिस लल्ला खान के घर पहुंचे और वहां से दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

**नशे में थे लुटेरे:** पुलिस ने उनसे वारदात में प्रयुक्त मोबाइल बरामद कर लिया, लेकिन सिम को वह पहले ही तोड़कर फेंक चुके थे और पुलिस ने लूटे गए रुपए में से कुछ बरामद कर लिए हैं, लेकिन इसमें से कुछ रुपए वह शराब पार्टी में उड़ा चुके हैं। जिस समय पुलिस ने उन्हें पकड़ा वह काफी नशे में थे।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478